
वर्ष : 34 | अंक :10 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, मंगलवार, 18 मार्च 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल



पड़ोसी देशों से बहुत कम है भारत में रेल किराया

पेज - 8

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



करण के साथ कोर्ट मैरिज करेंगी तेजस्वी

पेज - 7

# औरंगजेब पर कब्र तोड़ सियासत

## सीएम फडणवीस ने किया भिवंडी में छत्रपति शिवाजी मंदिर का शुभारंभ

- विपक्ष को दी सख्त चेतावनी, कहा- औरंगजेब की कब्र का महिमा मंडन किया तो फाड़ कर रख देंगे
- औरंगजेब की कब्र खोदने पर आमादा हुए बजरंग दल और VHP, बढ़ाई गई सुरक्षा



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भिवंडी के शिवक्षेत्र मराडे पाडा में छत्रपति शिवाजी महाराज मंदिर (शक्तिपीठ) के लोकार्पण समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के कारण ही हम अपने इष्ट देवताओं के मंदिरों के दर्शन कर पाए। उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और स्वराज्य की स्थापना की। सीएम फडणवीस ने कहा कि जिस प्रकार हनुमानजी के दर्शन के बिना भगवान श्रीराम के दर्शन पूर्ण नहीं होते, उसी तरह छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन के बिना किसी भी देवता के दर्शन पूर्ण नहीं होते।



### एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले का बयान

इस मुद्दे पर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह इतिहास से जुड़ा मामला है, किसी राजनीतिक दल का नहीं। उन्होंने सरकार से इतिहासकारों की राय लेकर ही कोई निर्णय लेने की अपील की।

### छत्रपति शिवाजी के 12 किलों को मिलेगी विश्व धरोहर की मान्यता

फडणवीस ने घोषणा की कि केंद्र सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें संगमेश्वर का वह किला भी शामिल है जहां छत्रपति संभाजी राजे को धोखे से पकड़ा गया था। राज्य सरकार अब उस किले को अपने नियंत्रण में लेकर विकसित करेगी।

### औरंगजेब की कब्र मराठों के शौर्य का प्रतीक

सोमवार को मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद संजय राउत ने कहा, आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। वह एक महापुरुष हैं, जिन्हें न सिर्फ महाराष्ट्र या देश, बल्कि पूरे विश्व में सम्मान दिया जाता है। वे एक योद्धा थे, जो कभी किसी के सामने नहीं झुके। गद्दारों और बेईमानों को उन्होंने कभी नहीं बख्शा। यह महाराष्ट्र और देश का प्रेरणादायक इतिहास है। उनकी लड़ाई औरंगजेब और अन्य मुगल शासकों से स्वराज के लिए हुई। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र है, और मैं मानता हूं कि यह मराठों के शौर्य का स्मारक है। आने वाली पीढ़ियों को पता चलना चाहिए कि शिवाजी महाराज और मराठों ने किस तरह आक्रामक दुश्मनों से लड़ाई लड़ी, लेकिन वे मराठों पर हावी नहीं हो सके। यह इतिहास है और इसे ऐसा ही रहना चाहिए। कुछ लोग अभी नए-नए हिंदुत्ववादी बने हैं, उन्हें इतिहास का क्या पता? कोई उनमें चाबी भर देता है और वे आंदोलन शुरू कर देते हैं। महंगाई पर बोलो, किसानों की आत्महत्याओं पर बोलो, उन मुद्दों पर आंदोलन करो। लेकिन इस तरह के आंदोलन की क्या जरूरत है? सरकार किसकी है? केंद्र में मोदी जी की और महाराष्ट्र में आरएसएस की सरकार है। आप आंदोलन क्यों कर रहे हैं? ऊपर से एक बार निकलो और कब्र हटा दो, किसने रोका है? मोदी जी को किसी ने रोका तो नहीं। यह आंदोलन का नाटक बंद करो, लोगों को बाहर बहुत तकलीफ हो रही है।

### नागपुर में पथराव-आगजनी

औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो पक्षों में हिंसा हो गई। विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार शाम औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़क गई। अधिकारियों ने बताया कि, प्रदर्शन के दौरान अफवाह फैली कि आंदोलनकारियों ने एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। जिससे दो पक्षों में पथराव हुआ। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी भी हुई है। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। घटना में चार लोग घायल हुए हैं।

### महाराष्ट्र में जगह-जगह प्रदर्शन-हंगामा

सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर पुणे समेत कई जिलों में विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ता छत्रपति संभाजीनगर में बनी औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल और बजरंग दल के नेता नितिन महाजन के बयान से मामले ने और भी तूल पकड़ लिया है। छत्रपति संभाजीनगर से औरंगजेब की क्रब को हटाए जाने की मांग को लेकर पुणे में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त विरोध देखने को मिल रहा है। जिला कार्यालयों के बाहर कार्यकर्ताओं की ओर से धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। संगठन के नेता नितिन महाजन ने अपील की है कि सरकार को औरंगजेब की कब्र को हटाए जाने को लेकर जल्द ही सख्त कदम उठाने चाहिए।

# नायडू का 'हिंदी' प्रेम



## इशारों में दिया स्टालिन को मैसेज

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के CM मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने सोमवार को विधानसभा में NEP के ट्राई-लैंग्वेज फॉर्मूले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी केवल संवाद की भाषा है। वैश्विक स्तर पर अपनी मातृभाषा में अध्ययन करने और सफल होने वालों की संख्या ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हमें दूसरी भाषाएं सीखते समय अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए। अगर हम दिल्ली जाएंगे तो हिंदी जानने से आसानी से बातचीत कर सकेंगे। दरअसल, केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच ट्राय लैंग्वेज जारी है।

### दोनों का अपना-अपना उपयोग

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भाषा विवाद के बीच एक बेहद बैलेंस रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों का अपना-अपना उपयोग है। इन्हें सीखना चाहिए। नायडू ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को महत्व देना चाहिए, लेकिन साथ ही हमें हिंदी सीखने की भी जरूरत है क्योंकि यह दिल्ली में संचार के लिए उपयोगी है।

न्यूज़ ब्रीफ

### तुलसी गबार्ड से मिले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में मेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से लाया गए पवित्र जल (जल) से भरा एक कलश भेंट किया। पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भारतीयों ने आस्था की डुबकी लगाई।

### बंद नहीं होगी लाडकी बहिन योजना



#### उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने दी जानकारी

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई महायुति सरकार की 'लाडली बहन' योजना के बंद होने का दावा विपक्ष लगातार कर रहा है, लेकिन राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने सोमवार को लाडकी बहिन योजना के बंद होने से संबंधित अटकलों पर विराम लगा दिया। अजित पवार ने इस योजना पर टिप्पणी करते हुए विधानसभा के दौरान सदन को विश्वास दिलाया कि यह योजना बंद नहीं होगी। महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि लाडली बहन एक ऐसी योजना है जो अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

### छोटा राजन बरी, फिर भी जेल में कटेगी जिंदगी



**मुंबई।** मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने गैंगस्टर छोटा राजन को बरी कर दिया है. छोटा राजन अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर के ड्राइवर/बॉडी गार्ड की हत्या मामले में जेल में बंद था. महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (MCOCA) के तहत निर्दिष्ट स्पेशल जज एएम पाटिल ने राजन को बरी कर दिया. दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद राजन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अदालत में पेश किया गया था. अदालत ने छोटा राजन को बताया कि उसे इस मामले में बरी कर दिया गया है। पुछोटा राजन अभी जेल में ही रहेगा, क्योंकि वह पत्रकार ज्योतिर्मय डे की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा है. गैंगस्टर पर अन्य आपराधिक मामलों में भी मुकदमा चल रहा है।

### महाराष्ट्र में 2.5 मिलियन मोतियाबिंद सर्जरी की गई

**मुंबई।** 'प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत योजना' के तहत राज्य में तीन साल में 27 लाख 95 हजार 200 मोतियाबिंद सर्जरी का लक्ष्य रखा गया था। इनमें से लोक स्वास्थ्य विभाग ने पिछले तीन वर्षों में 25,69,753 मोतियाबिंद सर्जरी पूरी की है, जो लक्ष्य का 91 प्रतिशत है। सर्जरी स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अस्पतालों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों और निजी अस्पतालों के माध्यम से की गई!

टोरेस घोटाला मामला

## आठ आरोपियों के खिलाफ 27,147 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

टोरेस घोटाला मामले एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बताया कि टोरेस घोटाला मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपपत्र मुंबई की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दाखिल किए गए आरोप पत्र के अनुसार, मामले में आरोपियों के नाम मेसर्स प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड, तानिया तजागुल जास्तोवा, वेलेंटीना गणेश कुमार, सर्वेश सुर्वे, अल्पेश खारा, तौसीफ रियाज, अरमान अटियान और लल्लन सिंह शामिल हैं।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ केस



जानकारी के अनुसार, इन सभी आरोपियों पर बीएनएस अधिनियम की धारा 316 (5), 317 (2), 317 (4), 317 (5), 318 (5) और 61 के साथ-साथ महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम (एमपीआईडी अधिनियम) की धारा 3, 4 और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम (बीयूडीएस अधिनियम) की धारा 21 और 23 के तहत आरोप हैं।

### 142.58 करोड़ रुपये की हुई थी ठगी

प्रकरण में अधिकारियों ने बताया कि पोंजी स्कीम में कथित तौर पर ठगी गई कुल राशि 142 .58 करोड़ रुपये है। जांच कर रहे अधिकारियों ने जो जानकारी दी उसके अनुसार, इस घोटाले ने कुल 14,157 निवेशकों को प्रभावित किया। इन निवेशकों को कथित तौर पर धोखाधड़ी वाली योजना में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था।

# विप की 5 सीटों पर निर्विरोध उपचुनाव

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में 27 मार्च को विधान परिषद में उपचुनाव होने वाले है। विधान परिषद की रिक्त पांच सीटों के लिए महायुति गठबंधन की तीनों पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। विधान परिषद चुनाव 2025 की कुल पांच सीटों में से तीन सीटों पर भाजपा और एक-एक सीट पर राकांपा और शिवसेना चुनाव लड़ेगी।



### शिंदे से खफा हुई शीतल म्हात्रे

एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की ओर से एकमात्र सीट पर चंद्रकांत रघुवंशी को मौका दिया गया है। इस सीट के लिए पहले शीतल म्हात्रे और संजय मोरे का नाम चर्चा में थी। शिवसेना के लिए एकनाथ शिंदे ने उम्मीदवारों की बिरादरी के कारण अंत तक उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने से परहेज किया था। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन था। आवेदन दाखिल करने के लिए कुछ ही घंटे बचे थे, तभी एकनाथ शिंदे ने चंद्रकांत रघुवंशी के नाम की घोषणा की। एकनाथ शिंदे के इस फैसले ने शीतल म्हात्रे को काफी परेशानी में डाल दिया। शीतल म्हात्रे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने एक्स पर एक शेर लिखा। इस शेर में शीतल म्हात्रे विधान परिषद के लिए नामांकन न मिलने से नाराजगी नजर आ रही हैं। हालांकि, उनके शब्दों से साफ होता है कि शीतल म्हात्रे अपने राजनीतिक जीवन में आगे संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

### भाजपा उम्मीदवारों के नाम

इससे पहले भाजपा ने रविवार को विधान परिषद उपचुनाव के लिए नागपुर के पूर्व महापौर और फडणवीस के करीबी सहयोगी संदीप दिवाकर राव जोशी, प्रदेश भाजपा इकाई के महासचिव संजय किशनराव केनेकर और पूर्व विधायक दादाराव यादवराव केचे के नामों की घोषणा की।

### सुलभा खोडके को मिला क्रॉस वोटिंग करने का इनाम


वर्ष 2024 के जुलाई महीने में हुए विधान परिषद में क्रॉस वोटिंग करने वाली कांग्रेस की तत्कालीन विधायक सुलभा खोडके को उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक और बड़ा इनाम दिया है। अजित ने अपनी पार्टी की विधायक सुलभा खोडके के पति संजय खोडके को 27 मार्च को होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए अपनी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। सोमवार को संजय खोडके ने अपना नामांकन अर्ज दाखिल किया और इसी के साथ संजय खोडके का विधायक बनना भी तय हो गया है। क्योंकि विरोध में किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दायर नहीं किया है।

# सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरी पर मामला दर्ज

## माता वैष्णो देवी मंदिर के बेस कैंप में स्थित होटल में शराब पीने का आरोप

**एजेंसी | जम्मू**

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ जम्मू स्थित वैष्णो देवी माता मंदिर के पास स्थित होटल में शराब पीने की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। वैष्णो देवी मंदिर के बेस कैंप में स्थित होटल में शराब और मांसाहारी भोजन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। आरोप है कि ओरी और उनके सात अन्य साथियों ने वहां पार्टी की, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।



### पुलिस टीम गठित

पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ 'लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित की गई है। पुलिस अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा, ' 15 मार्च को ओरहान अवत्रामणि, दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, राशि दत्ता, रक्षिता भोगल, शगुन कोहली और अनास्तासिला अर्जामास्कीना ने होटल परिसर में शराब का सेवन किया।

### होटल प्रबंधन ने ओरी को दी थी चेतावनी

जानकारी के मुताबिक, ओरी और उनके साथियों को होटल प्रबंधन की ओर से बताया गया था कि माता वैष्णो देवी मंदिर के निकट होने के कारण होटल के अंदर शराब पीना और मांसाहारी भोजन वर्जित है। इस होटल में प्याज और लहसुन का भी उपयोग नहीं किया जाता। इसके बावजूद उन्होंने वहां पर शराब पार्टी की।

### उचित कार्रवाई हो : सुनील शर्मा

विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने ओरी और उसके दोस्तों की हरकत की निंदा की और भरोसा जताया कि पुलिस उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी। विधायक बलदेव शर्मा ने कहा, 'यह एक निंदनीय कृत्य है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस को सुरक्षा बढ़ानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए ।

# मुंबई में बढ़ा तापमान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शहर में सोमवार को तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, जिससे शुष्क गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, कोलाबा स्टेशन पर अधिकतम तापमान 32.5C और सांताक्रूज स्टेशन पर 34.4C दर्ज किया गया। रविवार की तुलना में सोमवार को तापमान में कुछ डिग्री की वृद्धि हुई।



### पिछले सप्ताह का तापमान

16 मार्च- 34 .2 डिग्री सेल्सियस
15 मार्च- 35 .1 डिग्री सेल्सियस
14 मार्च- 34 .5 डिग्री सेल्सियस
13 मार्च- 34 .9 डिग्री सेल्सियस
12 मार्च- 38 .6 डिग्री सेल्सियस
11 मार्च- 39 .2 डिग्री सेल्सियस
10 मार्च- 37 .2 डिग्री सेल्सियस

### सोलापुर सबसे गर्म

सोमवार को सबसे अधिक तापमान सोलापुर में दर्ज किया गया। वहां अधिकतम तापमान 39 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ दिन पहले मौसम विभाग ने क्षेत्र के लिए भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की थी।

### अगले कुछ दिनों तक शुष्क गर्मी जारी रहेगी

न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# जज पर रिश्वत का आरोप

## हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत की खारिज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने सातारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने उन पर धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत देने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।



### हाईकोर्ट का फैसला

न्यायमूर्ति एन.आर. बोरकर की एकल पीठ ने न्यायिक अधिकारी से जुड़े मामले की सुनवाई बंद कक्ष में की। हालांकि, उन्होंने कोई राहत देने से इनकार कर दिया और अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

### क्या है पूरा मामला?

एक महिला की शिकायत के अनुसार, उसके पिता सरकारी नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। जब निचली अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया, तो महिला ने सातारा सत्र अदालत में याचिका दायर की, जिस पर जज निकम को सुनवाई करनी थी। ACB के मुताबिक, मुंबई के किशोर संभाजी खरात और सतारा के आनंद मोहन खरात ने जज धनंजय निकम के कहने पर महिला से फैसले के पक्ष में आदेश दिलाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी।

### आरोपी जज का पक्ष

**धनंजय निकम ने जनवरी 2025 में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। उनके वकील वीरेश पुरवंत के अनुसार, FIR में यह कोई प्रमाण नहीं है कि निकम ने खुद रिश्वत मांगी या स्वीकार की।**

### ACB ने क्या कहा?

ACB की 3 से 9 दिसंबर 2024 के बीच की जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। ACB ने जज निकम, किशोर खरात, आनंद खरात और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अब इस मामले में आगे की जांच जारी है, और निकम की गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है।

# ठाणे मनपा में 337 करोड़ के घोटाले का आरोप

## एनसीपी ने की जांच की मांग

डीबीडी संवाददाता | ठाणे




ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) में बीते पांच वर्षों से ऑडिट न होने के कारण 337 करोड़ रुपये का कोई हिसाब नहीं है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकार से टीएमसी को मिलने वाली निधि की जानकारी भी स्पष्ट नहीं है। इस मामले को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर तत्कालीन आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गहन जांच की मांग की है।

### क्या है आरोप?

परांजपे का आरोप है कि ठाणे मनपा में ऑडिट न कराकर भ्रष्टाचार को छुपाने का नया तरीका अपनाया जा रहा है। नियमों के अनुसार हर साल ऑडिट होना जरूरी है, लेकिन 2019-20 के बाद से कोई ऑडिट नहीं हुआ है।

### बढ़ा हुआ बजट, लेकिन भ्रष्टाचार जारी

टीएमसी आयुक्त सौरभ राव ने 2025-26 के लिए 5,645 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जिसमें इस साल 600 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। परांजपे का कहना है कि राजस्व बढ़ रहा है, लेकिन पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान मिली वित्तीय सहायता और अन्य सरकारी अनुदानों का भी कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया है।

### सरकार से जांच की मांग

एनसीपी नेता ने राज्य सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने और ठाणे मनपा से जवाब-तलब करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इसकी जांच नहीं हुई तो यह भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण बन सकता है।

## 216.61 करोड़ रुपये की लंबित रोजगार गारंटी मजदूरी का भुगतान

**मुंबई।** रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावले ने विधान परिषद में जानकारी दी कि राज्य सरकार ने 216 161 करोड़ रुपये की लंबित रोजगार गारंटी मजदूरी का भुगतान कर दिया है। मंत्री गोगावले सदस्य उमा खापरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसमें सदस्य एकनाथ खडसे ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि 100 दिनों तक की मजदूरी का भुगतान राज्य सरकार के कोष से किया जाता है, और उसका शत-प्रतिशत भुगतान हो चुका है। गोगावले ने स्पष्ट किया कि 100 दिनों से अधिक की मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार से प्राप्त धनराशि से किया जाता है, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। राज्य सरकार वैकल्पिक समाधान पर कर रही विचार उन्होंने बताया कि विभाग राज्य सरकार के कोष से शेष मजदूरी का भुगतान करने और केंद्र सरकार से धन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

## कर्नाटक सीमा क्षेत्र के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलेगा मौका

**मुंबई।** राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में कहा कि राज्य सरकार कर्नाटक सीमा क्षेत्र के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने का अवसर दे रही है। प्रतियोगी परीक्षा केंद्र और कौशल विकास केंद्र की होगी स्थापना मंत्री बावनकुले सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिसमें सदस्य प्रवीण दारेकर ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सीमा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा केंद्र और कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार छात्रों के साथ खड़ी बावनकुले ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इन छात्रों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 75 साल के बुजुर्ग की हत्या

**पालघर।** पालघर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक 17 साल के नाबालिग लड़के और उसकी 16 साल की नाबालिग प्रेमिका को 75 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, किशोर ब्रिजमोहन मिश्रा नामक एक फेरीवाला 15 फरवरी को अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद उसकी तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जांच के दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें मिश्रा को आखिरी बार भायंदर स्टेशन पर एक युवती के साथ देखा गया था। इसके आधार पर पुलिस ने उस युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने 17 साल के प्रेमी के साथ मिलकर बुजुर्ग की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

# किसानों की आत्महत्या रोकने हेतु ठोस कदम उठाए सरकार: डॉ. नीलम गोरहे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोरहे ने किसानों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तत्काल ठोस उपाय लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान कर और प्रभावित परिवारों को पर्याप्त वित्तीय सहायता देकर इस संकट को कम किया जा सकता है।

### डॉ. गोरहे की मांगें और सुझाव

- आत्महत्या प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक मदद दी जाए। कृषि व्यवसायों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाए। किसानों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, आवास और चिकित्सा बीमा मिले। किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए ऋणमाफी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और वित्तीय सहायता दी जाए। आत्महत्या करने वाले किसानों के उत्तराधिकारियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता बढ़ाई जाए और पात्रता मानदंडों में ढील दी जाए।

### सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी

- डॉ. गोरहे ने कहा कि 2025-26 के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक, जलयुक्त शिवार अभियान 2.0, मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ्त बिजली योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया।

# महिला की तस्वीर के अवैध इस्तेमाल पर बॉम्बे हाईकोर्ट सख्त

## महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक सरकार से मांगा जवाब

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक सरकारों के साथ तेलंगाना कांग्रेस पार्टी और एक अमेरिकी कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ये कदम एक महिला द्वारा दायर याचिका के बाद उठाया गया, जिसमें उसकी तस्वीर को बिना अनुमति के सरकारी और राजनीतिक विज्ञापनों में उपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया है। नम्रता अंकुश कवले और अंकुश कवले ने एडवोकेट नितिन कसलीवाल और अनिकेत पवार के माध्यम से याचिका दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी तस्वीर का अवैध रूप से विभिन्न सरकारी और राजनीतिक प्रचार सामग्री में उपयोग किया गया।

### क्या है मामला?

याचिकाकर्ताओं का दावा है कि उनकी तस्वीर कुछ साल पहले फोटोग्राफर तुकाराम निवृत्ति करवे ने उनके गांव में क्लिक की थी और इसे उनकी सहमति के बिना Shutterstock ।com नामक स्टॉक फोटो प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया। इसके बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक की सरकारों और तेलंगाना कांग्रेस पार्टी ने बिना अनुमति के इस तस्वीर का उपयोग अपने विज्ञापनों में किया।

### कोर्ट की सख्त टिप्पणी

जस्टिस जी।एस। कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत एम। सेठना की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह याचिकाकर्ता की तस्वीर का व्यावसायिक शोषण प्रतीत होता है। यह बिना किसी पूर्व जानकारी या सहमति के किया गया, जिससे याचिकाकर्ता की निजता के अधिकार का गंभीर उल्लंघन हुआ है। अदालत ने यह भी कहा कि यह मामला गंभीर है, क्योंकि डिजिटल युग और सोशल मीडिया के दौर में नागरिकों की निजता और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### महत्वपूर्ण सवाल उठाए

हाईकोर्ट ने यह भी सवाल किया कि क्या किसी विदेशी कंपनी को इस तरह की गतिविधियों की अनुमति दी जा सकती है? राज्य सरकारें, जो नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक हैं, इस तरह की लापरवाही कैसे कर सकती हैं? कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए जाएं। Shutterstock ।com को नोटिस विदेश मंत्रालय और मुंबई/नई दिल्ली में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के माध्यम से भेजा जाएगा। अब इस याचिका पर अगली सुनवाई 24 मार्च 2025 को होगी, जिसमें सभी प्रतिवादियों से जवाब मांगा गया है।

# सेंचुरी रेयॉन वर्कर्स यूनियन पर आर्थिक भ्रष्टाचार का आरोप

## जल्द चुनाव की मांग

डीबीडी संवाददाता | शहाड

ग्रासिम इंडस्ट्री लिमिटेड की सेंचुरी रेयॉन यूनिट में कार्यरत कामगारों की यूनियन पर आर्थिक भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। यूनियन के खजांची जेपी पांडेय ने आरोप लगाया है कि 2022 में चुनाव जीतने वाली यूनियन ने बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी की है, जिसकी शिकायत उन्होंने उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला ठाणे श्रम आयुक्त कार्यालय को भेज दिया है, जहां जांच जारी है। सेंचुरी रेयॉन यूनियन का चुनाव तीन वर्षों से नहीं हुआ, जबकि मुंबई उच्च न्यायालय ने चुनाव कराने का आदेश दिया था। 21 फरवरी 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने श्रम आयुक्त, ठाणे को यूनियन चुनाव कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक चुनाव की कोई घोषणा नहीं हुई है।

### आंदोलन की चेतावनी

श्रमिक समर्थक मोहन खंडारे ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट यूनियन चुनाव में देरी कर रही है ताकि घोटाले को छुपाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द चुनाव नहीं कराए गए तो वे लेबर आयुक्त कार्यालय के सामने आंदोलन करेंगे।

### एक करोड़ रुपये के गबन का आरोप

कामगारों का आरोप है कि यूनियन के पदाधिकारियों ने कामगारों की मेहनत की कमाई का करीब एक करोड़ रुपये गबन किया। इसके लिए उन्होंने एक अलग बैंक खाता खोलकर पैसों का बंदरबांट किया।

### पारदर्शी चुनाव की मांग

श्रमिकों ने मांग की है कि यूनियन चुनाव बैलेट पेपर से पारदर्शी तरीके से कराए जाएं, उसी दिन मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे कड़ा आंदोलन करेंगे। मोहन खंडारे ने भ्रष्ट यूनियन नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि कामगारों का पैसा गबन करने वालों को जेल जाना होगा और उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## महाबोधि विहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में मुंबई में मोर्चा

**मुंबई।** बिहार के गया में महाबोधि महाविहार को गैर-बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का अनशन जारी है। इसी क्रम में बुद्ध गया महाबोधि विहार मुक्ति मुलुंड विभाग संघर्ष समिति द्वारा एक शांति मोर्चा सोमवार को मुंबई के मुलुंड तहसीलदार कार्यालय तक निकाला गया और धरना दिया गया। मोर्चे में शामिल लोगों ने बिहार सरकार से बोधगया टेंपल एक्ट समाप्त कर महाबोधि विहार को बौद्ध अनुयायियों को सौंपने की मांग की। इस मोर्चे में शामिल भाई विलास निकाले ने कहा कि बौद्ध अनुयायी अपनी विरासत की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। महाबोधि विहार दुनिया भर के बौद्ध अनिवासियों के लिए पवित्र स्थल है। इस मुद्दे पर पूरे बौद्ध समाज में आक्रोश है। इस दौरान राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम का एक ज्ञापन मुलुंड तहसीलदार दिलीप रायनवर को सौंपा गया।

# सिविल अस्पताल में हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए विशेष वार्ड



- 25 बेड का वातानुकूलित विशेष वार्ड तैयार

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

बढ़ती गर्मी और हीट स्ट्रोक के खतरे को देखते हुए सिविल अस्पताल में 25 बेड का वातानुकूलित विशेष वार्ड तैयार किया गया है। ठाणे जिले में तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने टोपी, छाता, चश्मा, सूती कपड़े और पानी का उपयोग करने की अपील की है। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी काम के बिना दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलें।

### बेड बढ़ाने की तैयारी

जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के अनुसार, अगर हीट स्ट्रोक मरीजों की संख्या बढ़ती है, तो बेड की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। सिविल अस्पताल पूरी तरह से इलाज के लिए तैयार है।

## महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार समारोह आज

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी का वर्ष 2024-25 का वार्षिक पुरस्कार समारोह मंगलवार, 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बांद्रा-पश्चिम स्थित रंगशारदा सभागृह में शाम 5:30 बजे से होगा।

**सम्मानित किए जाएंगे साहित्यविद**

समारोह में 2 अखिल भारतीय जीवन गौरव पुरस्कार, 8 राज्य स्तरीय जीवन गौरव पुरस्कार, तथा हिंदी साहित्य की 14 विधाओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।


**मुख्य अतिथि और आयोजन समिति**

यह पुरस्कार सांस्कृतिक कार्य, माहिती एवं तंत्रज्ञान मंत्री तथा अकादमी के अध्यक्ष एड. आशीष शेलार की अध्यक्षता में वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा भी उपस्थित रहेंगे। अकादमी के मार्गदर्शक और पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र, कार्याध्यक्ष शीतला प्रसाद दुबे एवं अकादमी समिति ने हिंदी साहित्य प्रेमियों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# 300 से अधिक पेड़ अवैध रूप से काटे गए

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नेरुल के पाम बीच रोड से सटे पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र में बरगद, इमली और मिस्वाक सहित 300 से अधिक पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया, जिससे पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन हुआ है। इस मामले का खुलासा गांव के राजस्व अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण में हुआ, जब स्थानीय निवासियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई। यह स्थान सेक्टर 52ए में स्थित है और मैंग्रोव तथा डीपीएस झील से सटा हुआ है, जो राजहंस और अन्य प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आवास है। यह इलाका तटीय विनियमन क्षेत्र (CRZ) के तहत संरक्षित है, जहां पेड़ों की कटाई प्रतिबंधित है। 200 करोड़ में जमीन बिक्री



और बढ़ता विरोध हाल ही में, महाराष्ट्र शहर और औद्योगिक विकास निगम (CIDCO) ने इस जमीन को टुडे रॉयल डेवलपर्स को करीब 200 करोड़ में बेच दिया, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ गया।

### वन मंत्री गणेश नाइक ने जताई चिंता

महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाइक ने इस भूमि को वन विभाग को हस्तांतरित करने की वकालत की है ताकि आगे के पारिस्थितिक नुकसान को रोका जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, जेसीबी मशीनों का उपयोग करके ठेकेदार द्वारा पेड़ों को हटाया गया। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर नवी मुंबई नगर निगम (NMMC) और वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की और मशीनों को जब्त कर लिया। गांव के राजस्व अधिकारी नीलेश कांबले ने संयुक्त निरीक्षण के बाद पुष्टि की कि कम से कम 100 पेड़ बिना किसी आधिकारिक अनुमोदन के काटे गए थे। पर्यावरण कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने इस अवैध कटाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और वन विभाग से इस क्षेत्र की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है।

# संयुक्त महिला मंडल डोंबिवली ने मनाया स्वर्ण जयंती वर्ष

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

**संयुक्त महिला मंडल डोंबिवली ने अपनी स्वर्ण जयंती के अवसर पर 15 मार्च 2025 को डोंबिवली जिमखाना में एक विशेष कार्यक्रम 'स्वाभिमान' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में तृतीय जाति समुदाय के लिए काम करने वाली वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीगौरी सावंत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. उल्हास कोल्हटकर ने की, जबकि केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ विशेष अतिथि थीं।**



### शिष्याओं द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुति

- कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य गुरु सुशीला पोतदार की शिष्याओं द्वारा एक शानदार नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विंदा भुस्कुटे ने पिछले 50 वर्षों में संयुक्त महिला मंडल के कार्यों की जानकारी दी, जिसमें महिला और बाल सशक्तिकरण, छात्रावास सुविधा, कानूनी सहायता, रोजगार अवसर, स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्य शामिल हैं। संयुक्त महिला मंडल की अध्यक्ष अनुराधा आप्टे ने मंच पर उपस्थित गणमान्यों का स्वागत किया और कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया।

### श्रीगौरी सावंत के कार्यों की तारीफ

- केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़े ने मंडल की सक्रिय गतिविधियों की सराहना करते हुए श्रीगौरी सावंत के कार्यों की तारीफ की। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. उल्हास कोल्हटकर ने कहा कि संयुक्त महिला मंडल का कार्य समय के अनुरूप और मौलिक है। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक वैचारिक क्रांति, व्यक्तिगत स्वास्थ्य, नेतृत्व गुण, कानूनी अधिकार और समान वेतन के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ॠबालिका के जन्म पर जश्न मनाया जाना चाहिए।


### श्रीगौरी सावंत का प्रेरणादायक संबोधन

संयुक्त महिला मंडल की प्रारंभिक कार्यकर्ता मंगलाताई कुलकर्णी और कुसुमताई पवार को सम्मानित करने के बाद, नृत्य गुरु शीतल कपोले की शिष्याओं ने श्रीगौरी सावंत के जीवन पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. विंदा भुस्कुटे द्वारा लिया गया श्रीगौरी सावंत का सार्वजनिक साक्षात्कार रहा। इस दौरान श्रीगौरी सावंत ने अपने संघर्ष और सामाजिक कार्यों की यात्रा को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने छोटी उम्र में अपनी माँ को खो दिया और अपनी पहचान स्थापित करने के लिए परिवार के विरोध के बावजूद 'गणेश' से 'गौरी' बन गई। 2000 में 'सखी चर्चा' संस्था की स्थापना कर तृतीय जाति समुदाय और एचआईवी/एड्स पीड़ितों के लिए काम शुरू किया। आजादी के बाद भी मेरे समुदाय के लोग अपने अधिकारों से वंचित थे, लेकिन हमने कोर्ट में लंबी लड़ाई लड़ी और आखिरकार कानूनी अधिकार प्राप्त किए। हालांकि, समाज में पूरी तरह समावेशिता की भावना अभी भी नहीं आई है, जो मेरे लिए दुःख की बात है। मेरी केवल यही अपेक्षा है कि लोग इंसानों को इंसानों जैसा समझें और उनके साथ समान व्यवहार करें।

न्यूज़ ब्रीफ

## मंगलवार से मुंबई यूनिवर्सिटी की बी.कॉम परीक्षाएं शुरू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई विश्वविद्यालय (एमयू) की बी.कॉम सत्र 6 की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही हैं। एमयू से संलग्न 284 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 54,892 विद्यार्थी शामिल होंगे। एमयू परीक्षा एवं मूल्यांकन बोर्ड की निदेशक डॉ. पूजा रौंदले ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन, शीघ्र मूल्यांकन और समय पर परिणाम घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। मुंबई, उपनगर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और पालघर के कॉलेजों के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। बी.कॉम परीक्षा के साथ स्ववित्तपोषित बीएएमएस, अकाउंटिंग फाइनेंस और बैंकिंग व इंश्योरेंस सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं में कुल 82,995 छात्र भाग लेंगे, जिनमें 73,309 नियमित और 9,692 पुनः परीक्षा देने वाले छात्र शामिल हैं। कुल 39,617 छात्राएं और 43,377 छात्र परीक्षा देंगे। हॉल टिकट विद्यार्थियों के लॉगिन पर पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 8.47 करोड़ का सोना जब्त, 5 गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने चार अलग-अलग ऑपरेशनों में 10 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है, जिसकी कीमत 8.47 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में तीन निजी हवाई अड्डा कर्मचारियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार, 13 से 15 मार्च के बीच की गई कार्रवाई में तस्करों ने कपड़ों और अंडरगारमेंट्स में सोना छिपा रखा था। एयरपोर्ट के एक निजी कर्मचारी को रोका गया। उसकी पैंट की जेब से 2.8 किलोग्राम गोल्ड डस्ट (छह अंडाकार कैप्सूल) बरामद हुआ, जिसकी कीमत 2.27 करोड़ रुपये है। इंटरनेशनल डिपार्चर एरिया में काम करने वाले एक अन्य कर्मचारी के अंडरगारमेंट्स से 2.9 किलोग्राम गोल्ड डस्ट (मोम के रूप में) बरामद हुआ, जिसकी कीमत 2.36 करोड़ रुपये है। एक अन्य कर्मचारी के अंडरगारमेंट्स से 1.6 किलोग्राम गोल्ड डस्ट (दो पाउच) बरामद किया गया, जिसकी कीमत 1.31 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम अधिकारियों ने एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के टॉयलेट और पेंट्री के कचरे से 3.1 किलोग्राम शुद्ध गोल्ड डस्ट (मोम के रूप में) बरामद किया, जिसकी कीमत 2.53 करोड़ रुपये है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि सभी आरोपी सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# मुख्य आरोपी बयान से पलटे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बांद्रा ईस्ट में 12 अक्टूबर 2024 की रात एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। पहले हत्या में शामिल होने की बात कबूल करने वाले मुख्य 6 आरोपी अब अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने जबरन जुर्म कबूल करवाया और उनके परिवार को फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी दी।

### क्या है पूरा मामला?

बाबा सिद्दीकी की हत्या उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के सामने तीन शूटर्स ने की थी। इसके बाद शुभम लोनकर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए हत्या की जिम्मेदारी ली। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ कि शूटर्स ने हत्या से पहले लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई से बात की थी। पुलिस ने इस मामले में 29 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से अनमोल बिश्नोई समेत 3 आरोपी अब भी फरार हैं।

# खेल संघ बीमार संस्थाएं हैं :SC

**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को महाराष्ट्र कुश्ती संघ की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि भारत में खेल संघ बीमार संस्थाएं हैं। खेल संघों में खेल जैसा कुछ नहीं है। पता नहीं ये किस चीज से जूझ रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र कुश्ती संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा मान्यता रद्द करने के खिलाफ उसकी याचिका खारिज करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। बता दें कि हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र कुश्ती संघ की याचिका को गैर-स्थायी पाया था। साथ ही इसे उचित न्यायालय के समक्ष दायर करने की स्वतंत्रता के साथ खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र कुश्ती संघ की इसी याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विभिन्न खेल निकायों और उनके मैनेजमेंट से संबंधित कई मामले हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं।



### जनहित याचिका पर सरकार को नोटिस


एक अन्य मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने उसे इसी मुद्दे पर लंबित मामले के साथ संलग्न कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। इस याचिका में देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री द्वारा करने के मौजूदा चलन को संविधान का उल्लंघन घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

### यहां सवाल संस्था की स्वतंत्रता का है

एनजीओ की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि यहां सवाल संस्था की स्वतंत्रता का है। महाराष्ट्र जैसे राज्य जहां बीजेपी सत्ता में है, वहां कैग की लेखा परीक्षा को बाधित किया जा रहा है। याचिका में कोर्ट से ये निर्देश देने के लिए कहा गया है कि राष्ट्रपति कैग की नियुक्ति पीएम, विपक्ष के नेता और देश के प्रधान न्यायाधीश वाली स्वतंत्र और तटस्थ चयन समिति के परामर्श से पारदर्शी तरीके से करें

इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद केस

## महाराष्ट्र साइबर सेल ने समय रैना को फिर किया तलब



**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना को दूसरी बार समन जारी कर 19 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में आपत्तिजनक टिप्पणी और अश्लील कंटेंट के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

### समय रैना नहीं हुए पेश, दोबारा समन जारी

साइबर सेल के सूत्रों के अनुसार, समय रैना को सोमवार को पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आए। इसके बाद आज दोबारा समन जारी कर 19 मार्च को तलब किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?


'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा समेत कई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शामिल हुए थे। शो के दौरान रणवीर ने एक प्रतियोगी से आपत्तिजनक और अश्लील सवाल पूछे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। इस मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल ने जांच शुरू की और मामला दर्ज किया।

# शिवाजी पार्क में फिर बढ़ी धूल प्रदूषण की समस्या

▶▶ घास लगाएगी मनपा

धीरज सिंह | मुंबई

दादर स्थित शिवाजी पार्क में धूल प्रदूषण की समस्या फिर गंभीर हो गई है। मैदान की लाल मिट्टी हवा में उड़कर आसपास की इमारतों, सड़कों और वाहनों को ढंक रही है। स्थानीय लोग खांसी और सांस लेने में दिक्कतों की शिकायत कर रहे हैं।



### क्या है समस्या?

शिवाजी पार्क में लाल मिट्टी की परत डाली गई थी, जो गर्मी में सूखकर धूल बनकर उड़ने लगती है। इससे हवा में महीन धूलकण घुल जाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है। पहले यहां रेतीली मिट्टी थी, जो इतनी हल्की नहीं थी कि उड़ सके।

### समाधान की दिशा में कदम

बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) ने इस समस्या के समाधान के लिए घास लगाने की योजना बनाई है। 80 लाख रुपये के बजट को मंजूरी मिलने के बाद मैदान को हराभरा बनाने का काम शुरू होगा। इससे धूलकणों के उड़ने की समस्या कम होगी और प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### शिवाजी पार्क का महत्व


यह मैदान 28 एकड़ में फैला हुआ है और खेल, सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों का केंद्र रहा है। यहां से सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज क्रिकेटर भी निकले हैं। लेकिन धूल प्रदूषण के चलते अब यह पार्क लोगों की सेहत के लिए चिंता का विषय बन गया है।

# जिला न्यायाधीश की जमानत याचिका खारिज

▶▶ 5 लाख की रिश्वत मांगने का था आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार सतारा जिला और सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एन. आर. बोरकर की पीठ ने सुनवाई के बाद कहा कि वह कोई राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है।



### न्यायाधीश का बचाव और कोर्ट का फैसला

धनंजय निकम ने खुद को निर्दोष बताते हुए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने रिश्वत नहीं मांगी और मामले में उन्हें फंसाया गया है। हालांकि, हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी और ACB को जांच जारी रखने की अनुमति दी। मामले में धनंजय निकम, किशोर खराट, आनंद खराट और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने जिला न्यायाधीश धनंजय निकम पर आरोप लगाया है कि उन्होंने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी को जमानत देने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता, जो नागरिक रक्षा कर्मचारी हैं, सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने धोखाधड़ी के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। जब निचली अदालत से जमानत खारिज हो गई, तो उन्होंने सतारा सत्र न्यायालय में नई जमानत याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई न्यायाधीश निकम को करनी थी। आरोप है कि न्यायाधीश ने किशोर संभाजी खराट और आनंद मोहन खराट के माध्यम से महिला से रिश्वत मांगी। ACB ने 3 से 9 दिसंबर 2024 के बीच जांच में रिश्वत की मांग की पुष्टि की।

# मुंबई में गर्मी का प्रकोप, कई पशु-पक्षी बेहोश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में पड़ रही भीषण गर्मी इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी प्रभावित कर रही है। अत्यधिक गर्मी और पानी की कमी के कारण कई पक्षी बेहोश होकर गिर रहे हैं, जबकि आवारा पशु भी बेहाल हैं। पिछले 16 दिनों में 58 पक्षी और 3 कुत्तों को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पशु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### गर्मी से बेहाल पक्षी और पशु

मार्च में तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिससे निर्जलीकरण के कारण पक्षियों के गिरने की घटनाएं बढ़ी हैं। मुंबई के परेल स्थित दी बाई साकारबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स के प्रबंधक डॉ. मयूर डांगर ने बताया कि अस्पताल में भर्ती किए गए 58 पक्षियों में चील, कबूतर, कौवे और तोते शामिल हैं। मार्च के पहले पखवाड़े में 8-10 घायल पक्षी लाए जाते थे, लेकिन इस बार संख्या पांच गुना बढ़ गई है।

### डॉक्टरों की अपील

विशेषज्ञों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों की छतों या बालकनियों में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखें। इमारतों की छतों पर पानी से भरे कंटेनर रखने से पक्षियों को राहत मिलेगी। पालतू जानवरों को धूप में बाहर न ले जाने और हल्का भोजन देने की सलाह दी गई है।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

MSETCL SRM invites online RFx (e-Tender) from the Registered Contractors for MAHATRANSCO e-Tendering (SRM) website for below mentioned work.

E-tender No./ RFx No. 7000035789 Name of work : "Work of "Annual Contract for Hiring of Photo Copier Machine on monthly rate basis alongwith operator for Office of the Chief Engineer, EHV Project cum (O&M) Zone, Vashi for FY 2025-2026" Estimated Cost: Rs. 5,63,172/- Tender Fees : Rs. 500/-+ GST.

Date for Sale and Submission of the e-Tender Documents: From 18.03.2025 @ 14.00 Hrs to 02.04.2025 @ 14.30 Hrs

For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

-Sd-
**CHIEF ENGINEER,** EHV PC (O&M) Zone, **Vashi**

# एक ही भूखंड पर गौण खनिजों के उपयोग के लिए रॉयल्टी माफ



▶▶ चंद्रशेखर बावनकुले ने दी जानकारी

**मुंबई।** यदि शहर में किसी भवन की नींव की खुदाई करते समय उसी स्थान पर गौण खनिजों का उपयोग किया जाना है, तो रॉयल्टी का भुगतान करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि, गौण खनिजों को दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए नियमानुसार रॉयल्टी चुकानी होगी, ऐसा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा में कहा। विधायक नरेंद्र मेहता की बात पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व मंत्री बावनकुले ने कहा कि जहां गौण खनिज खनन हो रहा है, वहां तलाठी, सर्किल या तहसीलदार जाते हैं। उन्हें अपने साथ टीएलआर रखने की जरूरत नहीं है।

### रॉयल्टी रसीद को केवल एक वर्ष तक ही रखना होगा

साथ ही, रॉयल्टी रसीद को केवल एक वर्ष तक ही रखना होगा। इस संबंध में नीतिगत निर्णय लिया गया है। अगर कोई दस साल बाद वहां परिवहन करना चाहता है, तो वह सवाल उठता है। हालांकि, अगर वे संबंधित तहसीलदार को आवेदन के माध्यम से अनुरोध करते हैं, तो उन्हें भी कोई समस्या नहीं होगी। कई योजनाओं के लिए प्राप्त गलत नोटिसों के मुद्दे को हल करने के लिए क्या अभय योजना शुरू की जाएगी,

# सपकाल के बयान पर विधानसभा में हंगामा

## फडणवीस की तुलना औरंगजेब से करने पर बवाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल की टिप्पणी पर जमकर हंगामा हुआ। महायुति के विधायकों ने सपकाल पर मुख्यमंत्री की तुलना मुगल शासक औरंगजेब से करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। बढ़ते हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा।



### कांग्रेस का बचाव

विपक्षी नेता भाई जगताप ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हर्षवर्धन सपकाल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और सत्तारूढ़ दल बेवजह हंगामा कर रहा है। विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार की नीतियां औरंगजेब जैसी मानसिकता दर्शाती हैं।

### महायुति का आक्रोश

सत्र की शुरुआत होते ही भाजपा और सहयोगी दलों के विधायकों ने सपकाल के बयान पर कड़ा विरोध जताया। भाजपा नेता प्रवीण डेरेकर ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शासन सुचारू रूप से चल रहा है और उनकी तुलना औरंगजेब से करना राज्य का अपमान है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक अमोल मितकारी ने भी सपकाल के बयान की आलोचना करते हुए इसे अनुचित करार दिया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभागः मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)

संख्या.ई.ई.मेक. (एस) 9273 एम एंड ई   दिनांक-17 मार्च 2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त पात्र बोलीदाताओं से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोली आरंभ तिथि और समय तथा बोली समाप्ति तिथि और समय निविदा अनुभाग और महाटेंडर पोर्टल के अंतर्गत बीएमसी की वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| क्र. | बोली संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1161583_1 | 'सी' वार्ड में जे.एस.एस. हिंदू कब्रिस्तान चरण II में वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली के व्यापक संचालन और रखरखाव अनुबंध का कार्य दो वर्षों के लिए। |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर पोर्टल की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर जा सकते हैं।

पीआरओ/ 2836/विज्ञा./2024-25

हस्ता./-
अधिशाषी अभियंता. यांत्रिक (दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मध्य रेल**

**इलेक्ट्रिकल इंटर व्हीकल कपलर**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई-400019. **निविदा नोटिस संख्या: CWE/MTN/85255350/2025. निविदा संख्या:** 85255350. **विवरण:** आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/ईएमयू/0196-2019 (संशोधन 0) के खंड संख्या 4.42 के अनुसार 8 कार मेधा मेमू रेक के लिए इलेक्ट्रिकल इंटर व्हीकल कपलर मेसर्स हार्टिंग कनेक्टर और मेसर्स ह्यूबर एंड सुहनेर केबल्स के साथ या मेसर्स सिएचेम केबल्स के साथ संलग्न अनुलग्नक के अनुसार नोट: प्राप्तकर्ता: सीनियर डीईई/टीआरएस/कुर्ला]. **मात्रा:** 01 Sets. **खोलने के लिए नियत तारीख** : 14.04.2024. **निविदा मूल्य** : 9014723.28. मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं।

DE-850

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**अधिसूचना**

**निविदा संख्या: बी बी/सी/३७३/पीओ/एसटीबीए/२५, दिनांक: १३.०३.२०२५**
**"मुंबई मंडल के तलोजा पॉचनंद और खारकोपर 'एस जी-३' श्रेणी स्टेशन पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति"**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पहिला मंजिल पी आर एस बिल्डिंग (आरक्षण कार्यालय मुंबई छशिमट मध्य रेलवे द्वारा तलोजा पाँचनंद और खारकोपर 'एस जी-३' श्रेणी स्टेशन के लिए सीलबंद लिफाफे में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इछुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है।

| | |
|---|---|
| **स्टेशन श्रेणी** | एस जी - ३ |
| **ठेके की अवधी** | ०१ वर्ष * |
| **आवेदन पत्र का मूल्य** | ५०० रुपये |
| **जमानती राशी** | ५,००० रुपये |
| **वैधता की सीमा** | ९० दिन |
| **आवेदन पत्र उपलब्ध होने की अंतिम तिथि** | १५.०४.२०२५ शाम १७:०० बजे तक |
| **आवेदन पत्र जमा करने का अंतिम समय एवं तिथि** | १५:०० बजे १६.०४.२०२५ |
| **आवेदन पत्र खोलने का अंतिम समय एवं तिथि** | १५: ३० बजे १६.०४.२०२५ |

**ठेके की अवधी** : रेलवे बोर्ड द्वारा योजना के विस्तार के अधीन 01 वर्ष या विस्तार न होने की स्थिति में २१.०२.२०२६ तक। निविदा का विवरण नीचे दिया गया है:- निविदा आवेदन पत्र ऊपर दिए गए पते पर कार्यालय अवधी में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की पूरी जानकारी मध्य रेलवे की वेब **साइट www.cr.indianrailways.gov.in** उपलब्ध है।

DE-847

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER 3rd CALL NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in/ for following works

| Sr. No. | RFX No. | E-Tender No. & Description of Material | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000035160 | SE/EHV/O&M/CIR/KLW/TECH/Ten-56(3rd Call)/24-25<br>E-Tender for Work of strengthening of 220kV Padgha-Kamba 1, & 2-line bays along with 220kV Main Bus at 220/22kV Kamba substation under EHV O&M Division, Kalwa. | Tender Downloading Dates & time. Tender Sale period. From **Dt: 17.03.2025, 19:00 Hrs to Dt. 27.03.2025, 09:59 Hrs. Technical Opening: - Dt. 27.03.2025 at 10: 00 Hrs** (Onwards if possible) **Commercial Opening**: - **Dt. 27.03.2025 at 15:00 Hrs.** (Onwards if possible) |
| | | Tender Fee | Rs. 5000 + GST |
| | | Estimated Cost | Rs. 1,50,59,556/- |

**Contact Person** Executive Engineer/ Dy. Exe. Engineer (O) Tel No. 8850013714 / 7506379055

Sd/-
SUPERINTENDING ENGINEER

Note: All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## संपादकीय

# शर्मसार हैं हम

कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार खराब हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशियों बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है। कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर संयुक्त परिवारों के बिखराव से भी यह संकट और बढ़ा है। गांव व शहर में पहले सामाजिक संरचना मनुष्य को संयमित व मर्यादित जीवन जीने को बाध्य करती थी। हमारी शिक्षा व्यवस्था से नैतिक शिक्षा की कमी भी अखरती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो पश्चिमी जीवन शैली की तर्ज पर स्वच्छंद यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। जिसे युवा सामान्य जीवन में स्वच्छंदता का पर्याय मानने लगा है। कहीं न कहीं महानगरीय संस्कृति में नई पीढ़ी पर परिवार संस्था की ढीली होती पकड़ भी इन अपराधों के मूल में है। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। इस दिशा में सरकार, समाज व परिवार को गंभीरता से मंथन करना होगा। अन्यथा भारत यौन अपराधों की राजधानी बनने में देर नहीं लगेगी।

## शख्सियत — शशि कपूर

# भारतीय फिल्म अभिनेता



शशि कपूर (जन्मः 18 मार्च, 1938, निधन : 04 दिसम्बर 2017) हिन्दी फ़िल्मों के एक अभिनेता थे। शशि कपूर हिन्दी फ़िल्मों में लोकप्रिय कपूर परिवार के सदस्य थे।वर्ष २०११ में उनको भारत सरकार ने पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्ष २०१५ में उनको २०१४ के दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस तरह से वे अपने पिता पृथ्वीराज कपूर और बड़े भाई राजकपूर के बाद यह सम्मान पाने वाले कपूर परिवार के तीसरे सदस्य बन गये।

शशि कपूर का असली नाम बलबीर राज कपूर था। इनका जन्म जाने माने अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के घर पर हुआ। अपने पिता एवं भाइयो के नक़्शे कदम पर चलते हुए इन्होने भी फ़िल्मो में ही अपनी तक़दीर आजमाई। शशि कपूर ने ४० के दशक से ही फ़िल्मो में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कई धार्मिक शशि के बड़े भाई राजकपूर ने उन्हें 'आग' (१९४८) और 'आवारा' (१९५१) में भूमिकाएं दी। आवारा में उन्होंने राजकपूर (जय रुद्) बचपन का रोल किया था। गोद्फ्रे की बेटी और ब्रिटिश अभिनेत्री जेनिफर से उन्हें प्रेम हुआ और मात्र २० वर्ष की उम्र में १९५० में विवाह कर लिया। उन्होंने सांप्रदायिक दंगो पर आधारित धर्मपुत्र (१९६१) में काम किया था। उसके बाद चार दीवारी और प्रेमपत्र जैसी ऑफ बीत फ़िल्मो में नजर आये। वर्ष १९६५ उनके लिए एक महत्वपूर्ण साल था। इसी साल उनकी पहली जुबली फ़िल्म 'जब जब फूल खिले' रिलीज हुई और यश चोपड़ा ने उन्हें भारत की पहली बहुल अभिनेताओ वाली हिंदी फ़िल्म 'वक्त' के लिए कास्ट किया। बॉक्स ऑफिस पर लगातार दो बड़ी हिट फ़िल्मो के बाद व्यावहारिकता का तकाजा यह था की शशि कपूर परम्परागत भूमिकाये करे, लेकिन उनके अन्दर का अभिनेता इसके लिए तैयार नहीं था। ७० के दसक में शशि कपूर सबसे व्यस्त अभिनेताओ में से एक थे। इसी दसक में उनकी 'चोर मचाये शोर', दीवार, कभी - कभी, दूसरा आदमी और 'सत्यम शिवम् सुन्दरम' जैसी हिट फ़िल्मे रिलीज हुयी. वर्ष १९७१ में पिता पृथ्वीराज की मृत्यु के बाद शशि कपूर ने जेनिफर के साथ मिलकर पिता के स्वप्न को जरी रखने के लिए मुंबई में पृथ्वी थियेटर का पुनरूथान किया। अमिताभ बच्चन के साथ आई उनकी फ़िल्मो दीवार, कभी - कभी, त्रिशूल, सिलसिला, नमक हलाल, दो और दो पंच, शान ने भी उन्हें बहुत लोकप्रियता दिलवाई।१९७७ में इन्होने अपनी होम प्रोडक्सन क. 'फ़िल्म्वालाज' लॉन्च की इन्होने हाउसहोल्डर और शेक्सपियर वाला जैसी अंग्रेजी फ़िल्मो में मुख्या भूमिकाये निभाई। दिसंबर 2017 को शशि कपूर का मुंबई में निधन हो गया।

# समावेशी विकास से ही संभव विकसित भारत का लक्ष्य

भारत की विकास दर वर्तमान में दुनिया के समृद्ध देशों से बेहतर है, लेकिन हाल के सर्वेक्षणों के अनुसार पिछली दो तिमाहियों में यह 7 प्रतिशत से नीचे गिरकर 5.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि भविष्य में 7 प्रतिशत विकास दर बनाए रखने का अनुमान है। मंदी के चलते, देश में मांग में कमी के कारण निवेशकों को कम प्रतिफल मिल रहा है। वहीं अमेरिका, चीन व जापान में ब्याज दरें घटने से विदेशी निवेशक फिर से अमेरिका की ओर रुख कर रहे हैं। चीन के आर्थिक संकट से यह उम्मीद थी कि निवेश भारत की ओर बढ़ेगा, लेकिन बेहतर दरों के कारण निवेश फिर से चीन की ओर लौटता दिख रहा है। वहीं, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ दरों में बदलाव और 'जैसे को तैसा' नीति ने भी स्थिति को प्रभावित किया है। यदि अमेरिका के साथ एक समग्र व्यापार समझौता हो जाता है, तो संभवतः हमारे यहां अमेरिकी आयातों पर भारी कर और मुद्रास्फीति का प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारतीय विकास यात्रा के रास्ते में कई अवरोध खड़े हो गए हैं। जहां पूंजी निर्माण नहीं हो रहा, वहां दूसरी कृषि क्रांति का इंतजार अभी भी जारी है, लेकिन अधिकांश किसान आर्थिक बदहाली से बाहर नहीं निकल पाए हैं। भारत को उसकी उदार अनुकम्पा नीति और रियायती राशन वितरण के कारण एक ऐसा देश माना गया है, जहां लोग काम की बजाय आराम पसंद करने लगे हैं। कुछ वर्गों को काम नहीं मिलता, या उनका काम छुपी हुई बेरोजगारी माना जा सकता है, क्योंकि वे सकल घरेलू उत्पाद या आय में कोई वृद्धि नहीं करते। इससे देश की एक बड़ी जनसंख्या, खासकर महिलाएं और युवा, उत्पादक श्रम से बाहर हो गए हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने इस स्थिति से उबरने के लिए एक नया नारा दिया है कि भारत का पर्यटन क्षेत्र सबसे अधिक कमाई वाला क्षेत्र है। यहां चार प्रकार का पर्यटन होता हैः रमणीक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, मेडिकल पर्यटन और धार्मिक पर्यटन। इनमें से मेडिकल पर्यटन में काफी विकास की संभावना है। हालांकि, मोदी जी ने मेडिकल सीटों को रिकार्ड स्तर पर बढ़ाने की घोषणा की है, लेकिन अभी भी मेडिकल शिक्षा गरीब बच्चों के लिए एक सपना ही बनी हुई है। रमणीक और धार्मिक पर्यटन की बात करें तो धार्मिक पर्यटन में श्री अमरनाथ यात्रा को भी गिना जा सकता है, जो जल्द शुरू हो रही है। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद जम्मू-कश्मीर में माहौल सुधरा है। वैष्णो देवी यात्रा में रिकार्ड टूट रहे हैं। इसके लिए सड़कों की स्थिति और पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था को सुधारना जरूरी है, ताकि दलाल इन्हें अपनी लूट का शिकार न बना सकें। अगर टूरिज्म को बढ़ावा देना है, तो प्रधानमंत्री का विचार है कि विंटर टूरिज्म को भी कारोबारी



दुनिया का हिस्सा बना दिया जाए। शीतकालीन तीर्थाटन और बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने से पर्यटन क्षेत्र को अधिक कमाई मिल सकती है। लेकिन किसी भी पहाड़ी राज्य को देखें, तो जब ऑफ-सीजन होते हैं, तब होटल खाली रहते हैं और रमणीक स्थल सूने होते हैं।

इसके अलावा, पर्यावरण प्रदूषण और असाधारण मौसम भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। जैसे हाल ही में बर्फबारी और बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में लगभग सैकड़ों सड़कें बंद हो गई थीं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, पर्यटन क्षेत्र में उचित उपायों की आवश्यकता है।मोदी ने विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 'धूप सेको पर्यटन' का गढ़वाली शब्द प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य शीतकाल

**सुरेश सेठ**

में पर्यटकों को नया अनुभव देना है। हालांकि, बर्फबारी और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण शीतकालीन पर्यटन खतरनाक हो सकता है, जिससे न केवल स्थानीय लोगों बल्कि पर्यटकों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है। इसके बावजूद, शीतकालीन पर्यटन को बढ़ाने से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य रमणीक स्थलों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

इसके साथ ही, भारत में वैडिंग इकोनामी के रूप में हजारों करोड़ रुपये का कारोबार है, जो शादियों की धूमधाम और आर्थिक सामर्थ्य को दर्शाता है। पिछले दिनों एक नया चलन शुरू हुआ, जिसमें विदेशी स्थलों को वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में चुना जाने लगा। मोदी जी ने इस पर अपील की है कि वैडिंग डेस्टिनेशन हमारे अपने देश में तलाशे जाएं। राजस्थान के जयपुर और उदयपुर, लक्षद्वीप और कश्मीर की वादियां वैडिंग डेस्टिनेशन के लिए उपयुक्त हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पहले कश्मीर का रुख करती रही है, अब उत्तराखंड की ओर भी जा सकती है।


उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के कई देश विंटर टूरिज्म के लिए प्रसिद्ध हैं, तो हमारा देश क्यों नहीं?पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि जब मनाली में भारी बर्फबारी देखने के लिए पर्यटक आते हैं, तो शिमला सूना हो जाता है। यह दिखाता है कि सभी पर्यटन स्थलों और यात्री सुविधाओं का समान रूप से विकास होना चाहिए। लेकिन इस समावेशी विकास में हम लघु और कुटीर उद्योगों को क्यों भूल रहे हैं? बेरोजगारों के लिए सहकारी आंदोलन के जरिए रोजगार क्यों नहीं उत्पन्न किया जाता? अगर यह प्रयास ईमानदारी से किया जाए तो बेरोजगारी खत्म हो सकती है। अगर देश को विकसित बनाना है, तो इन उपेक्षित पहलुओं को भी विकास यात्रा में शामिल करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि बेरोजगार नौजवानों और सार्थकता तलाश रही महिलाओं को भी उत्पादन प्रक्रिया में शामिल किया जाए। तभी हमारा देश एक संतुलित और विकसित आर्थिक रूप प्राप्त कर सकेगा।

## जीवन मंत्र

# भरे मन में सत्य कैसे आए

दिमाग में जितना ज्ञान भरा हो, उतना आदमी स्वयं से दूर चला जाता है। दर्शनशास्त्र के एक प्रोफेसर ने एक झेन गुरु से कहा, 'मुझे आपसे समझना है कि सत्य क्या है?' गुरु एक पहाड़ी पर रहते थे। प्रोफेसर साहब हांफते हुए ऊपर पहुंचे थे।

लोग कहते हैं, मन बड़ा अशांत है, ध्यान सीखना है। ध्यान सीखने से पहले वे इसके बारे में बहुत कुछ पढ़ते हैं; पढ़-पढ़कर सब पंडित हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि हम सब जानते हैं। लोग कहते हैं, मन बड़ा अशांत है, ध्यान सीखना है। ध्यान सीखने से पहले वे इसके बारे में बहुत कुछ पढ़ते हैं; पढ़-पढ़कर सब पंडित हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि हम सब जानते हैं। लेकिन ध्यान के अनुभव और इसके बारे में जानकारी में जमीन-आसमान का फर्क है। शब्दों के कितने ही अंबार लगा लें, हृदय प्यासा का प्यासा रह जाता है : न शांति है, न आनंद, न प्रेम। व्यक्ति अगर बुद्धिजीवी हो, तो वह ध्यान पर किताब भी लिख सकता है, यहां तक कि दूसरों को भी समझा सकता है। लेकिन यह सब शाब्दिक जाल है। दिमाग में जितना ज्ञान भरा हो, उतना आदमी स्वयं से दूर चला जाता है। दर्शनशास्त्र के एक प्रोफेसर ने एक झेन गुरु से कहा, 'मुझे आपसे समझना है कि सत्य क्या है?' गुरु एक पहाड़ी पर रहते थे। प्रोफेसर साहब हांफते हुए ऊपर पहुंचे थे। वह पसीने से तरबतर थे। झेन गुरु ने उनसे कहा, 'बैठो और थोड़ा आराम करो। मैं तुम्हारे लिए चाय बनाता हूं, फिर हम आराम से



बात करेंगे, वह अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। चाय सत्य से ज्यादा महत्वपूर्ण है।' प्रोफेसर साहब को विश्वास नहीं हुआ। सोचने लगे, अजीब आदमी हैं, सत्य से ज्यादा जरूरी चाय को बता रहे हैं? लेकिन झेन गुरु के कहने का आशय यह था कि 'आप बहुत थके हुए और विचारों से भरे हुए हैं। मैं आपको थोड़ा आराम पहुंचाने में मदद करता हूं। कृपया शांत हो जाएं। सत्य के बारे में ज्यादा चिंता न करें, अन्यथा चुक जाएंगे।'उन्होंने काफी धीरे-धीरे चाय बनाई। फिर केतली से कप में चाय उड़ेलनी शुरू की। कप भर गया, लेकिन वह डालते चले जा रहे थे। चाय प्याली से नीचे फर्श पर बहने ही वाली थी कि प्रोफेसर साहब लगभग चीख उठे, रुकिए ! आप क्या कर रहे हैं? मेरी प्याली चाय से भरी हुई है और इसमें अब एक बूंद भी अधिक नहीं समा सकती !'झेन गुरु ने कहा, 'तुम अपनी प्याली के बारे में बहुत सावधान हो, लेकिन अपने दिमाग के बारे में बिल्कुल नहीं हो। तुम्हारा दिमाग इतना भरा हुआ है कि मुझे तुम्हारे मन में केवल कबाड़ दिखाई देता है। उसमें तुम सत्य को आमंत्रित करना चाहते हो? सत्य के लिए तुम्हें थोड़ी सी जगह तो बनानी होगी।'ओशो कहते हैं, सत्य परम अतिथि है। तुम्हें अपने आप को पूरी तरह से खाली करना होगा, तभी सत्य आ सकता है। सत्य एक विचार नहीं, अनुभव है। विचार तो मन की व्यस्तता है। जो लोग बहुत अधिक विचारों में होते हैं, वे एक प्रकार की निजी दुनिया में रहते हैं।


## जीवन ऊर्जा

ग्रोवर क्लीवलैंड : जन्म 18 मार्च, 1837 — जन्म

# आदमी अपनी संगति से जाना जाता है

ग्रोवर क्लीवलैंड, जिनका जन्म 18 मार्च, 1837 को हुआ था, संयुक्त राज्य अमेरिका के 22वें और 24वें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1885 से 1889 और 1893 से 1897 तक लगातार कार्यकाल तक सेवा की। अपनी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के लिए जाने जाने वाले, क्लीवलैंड ने आर्थिक मुद्दों से निपटा और वकालत की ग्रोवर क्लीवलैंड का 24 जून, 1908 को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

पदाधिकारी जनता के एजेंट होते हैं, उनके स्वामी नहीं। वास्तव में अमेरिकी भावना श्रम की गरिमा और इस तथ्य को पहचानती है कि सम्मान ईमानदार परिश्रम में निहित है। समझदार और जिम्मेदार महिलाएं वोट नहीं देना चाहतीं। मारी सभ्यता के कामकाज में पुरुषों और महिलाओं द्वारा ग्रहण किए जाने वाले सापेक्ष पदों को हमारी तुलना में उच्च बुद्धि द्वारा बहुत पहले ही सौंपा गया था। अपनी सरकार का समर्थन करना नागरिकों की ज़िम्मेदारी है। अपने नागरिकों का समर्थन करना सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं है। लोगों के लिए एक सरकार को अपनी सफलता के लिए बुद्धि, नैतिकता, न्याय और स्वयं लोगों के हित पर निर्भर रहना चाहिए। एक सरकार जो पॉल को भुगतान करने के लिए पीटर को



लूटती है वह हमेशा पॉल के समर्थन पर निर्भर रह सकती है। पदाधिकारी जनता के एजेंट होते हैं, उनके स्वामी नहीं। सार्वजनिक अधिकारी लोगों के सेवक और एजेंट हैं, जो लोगों द्वारा बनाए गए कानूनों को निष्पादित करते हैं। सबसे बढ़कर, सच बताओ। कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा, सत्य के प्रति निरंतर समर्पण और एक स्पष्ट विवेक हर निराशा को दूर करेगा और निश्चित रूप से उपयोगिता और उच्च उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

संपत्ति का प्रेम और सही-गलत की चेतना का हमारे संगठन में परस्पर विरोधी स्थान है, जो अक्सर मनुष्य की राह को टेढ़ा और उसके आचरण को एक पहेली बना देता है। यद्यपि लोग सरकार का समर्थन करते हैं, सरकार को लोगों का समर्थन नहीं करना चाहिए। जब तक आप किसी चीज़ के लिए खड़े नहीं होते, तब तक निर्वाचित होने या दोबारा चुने जाने का क्या फायदा? जिस उद्देश्य के लिए लड़ना उचित है, उसके लिए अंत तक लड़ना भी सार्थक है। ईमानदार दृढ़ विश्वास हमेशा सत्य की दिव्य शक्ति द्वारा समर्थित होते हैं। एक आदमी अपनी संगति से जाना जाता है, और उस संगति से भी जाना जाता है जिससे उसे बाहर रखा जाता है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# भाग्यं फलतिसर्वत्र नच् विद्या नच् पौरुषम

एक गृहस्थ भक्त अपनी जीविका का आधा भाग घर में दो दिन के खर्च के लिए पत्नी को देकर अपने गुरुदेव के पास गया। दो दिन बाद उसने अपने गुरुदेव को निवेदन किया के अभी मुझे घर जाना है। मै धर्मपत्नी को दो ही दिन का घर खर्च देकर आया हूं। घर खर्च खत्म होने पर मेरी पत्नी व बच्चे कहाँ से खाएंगे। गुरुदेव के बहुत समझाने पर भी वो नहीं रुका तो उन्होंने उसे एक चिट्ठी लिख कर दी और कहा कि रास्ते में मेरे एक भक्त को देते जाना। वह चिट्ठी लेकर भक्त के पास गया उस चिट्ठी में लिखा था कि जैसे ही मेरा यह भक्त तुम्हें ये खत दे, तुम इसको 6 महीने के लिए मौन साधना की सुविधा वाली जगह में बंद कर देना। उस गुरु भक्त ने वैसे ही किया। वह गृहस्थी शिष्य 6 महीने तक अन्दर गुरु पद्धत्ति नियम साधना करता रहा। परंतु कभी-कभी इस सोच में भी पड जाता कि



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



मेरी पत्नी का क्या हुआ, बच्चों का क्या हुआ होगा। उधर उसकी पत्नी समझ गयी कि शायद पतिदेव वापस नहीं लौटेगे। तो उसने किसी के यहाँ खेती बाडी का काम शुरू कर दिया। खेती करते करते उसे हीरे जवाहरात का एक मटका मिला। उसने ईमानदारी से वह मटका खेत के मालिक को दे दिया। उसकी ईमानदारी से खुश होकर खेत के मालिक ने उसके लिए एक अच्छा मकान बनवा दिया व आजीविका हेतु जमीन जायदात भी दे दी। अब वह अपनी जमीन पर खेती करके खुशहाल जीवन व्यतीत करने लगी। जब वह शिष्य 6 महिने बाद घर लौटा तो देखकर हैरान हो गया और मन ही मन गुरुदेव के करुणा कृपा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने लगा कि सद्गुरु ने मुझे यहाँ अहंकार मुक्त कर दिया। मै समझता था कि मैं नही कमाकर दूंगा तो मेरी पत्नी और बच्चों का क्या होगा? करनेवाला सब परमात्मा है, लेकिन झूठे अहंकार के कारण मनुष्य समझता है कि मै करने वाला हूं । वह अपने गुरूदेव के पास पहुचा और उनके चरणों में पड गया। गुरुदेव ने उसे समझाते हुए कहा बेटा हर जीव का अपना अपना प्रारब्ध लेकर आता है और उसी के अनुसार उसका जीवन यापन होता है। मैं भगवान के भजन में लग जाऊंगा तो मेरे घरवालों का क्या होगा? मैं सब का पालन पोषण करता हूँ मेरे बाद उनका क्या होगा यह अहंकार मात्र है। वास्तव में जिस परमात्मा ने यह शरीर दिया है उसका भरण पोषण भी वही परमात्मा करता है।

प्रारब्ध पहले रच्यो
पीछे रच्यो शरीर ।।
तुलसी चिंता क्या करे
भज ले श्री रघुवीर

## अपने विचार

भाजपा सरकार ने मेनीफेस्टो में जो तमाम वादे किए गए हैं, हमारी मुख्यमंत्री जी उन्हें देख लें और इनका प्रोविजन बजट में करें। एक बार अगर सभी चीजों का प्रोविजन बजट में कर दिया तो सीएम को किसी से भी मिलने की जरूरत नहीं होगी।



**-सौरभ भारद्वाज,** नेता,आप पार्टी

अगर मुस्लिम समुदाय से ज्यादा इंजीनियर, आईपीएस और आईएएस अधिकारी निकलते हैं तो सभी का विकास होगा। हमारे पास पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण है।



**-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

होली में दो दिनों में 22 लोगों की हत्या कर दी गयी। कहते हैं कि सुशासन की सरकार है। बेटियों के साथ बलात्कार करके हत्या कर दी जाती है, सरकार के आदमी दारोगा और सिपाही मारे जा रहे हैं तो पब्लिक का क्या होगा।



**-राबड़ी देवी,** पूर्व सीएम, बिहार

बसपा को कमजोर करने के लिए छोटे राजनीतिक दल और संगठन बन रहे हैं। सत्ता और विपक्ष में रहने वाली पार्टियां बसपा के खिलाफ एकजुट हो रही हैं और बसपा को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं।



**-मायावती,** बसपा सुप्रीमो

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार)।

# शिव जयंती पर गूंजा 'मी मराठी अभिमान महाराष्ट्राचा'

## तिथिनुसार मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

छत्रपति शिवाजी महाराज की तिथिनुसार जयंती मनाई गई। मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और आसपास के क्षेत्र 'जय भवानी-जय शिवाजी' के जयघोष से गूंज उठा। शिवसेना, शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेताओं की तरफ से जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थकों ने भी कई जगहों पर सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। वहीं दूसरी ओर शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायकों और पदाधिकारियों ने भी आयोजन किया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर लोगों में जश्न का माहौल दिखने को मिला। मुंबईकर सड़कों पर ढोल-ताशे के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन, आदर्श और शिक्षाएं सभी को प्रेरित करती झांकी निकाली गई।अंधेरी-पश्चिम अंबोली नाका स्थित हेलेन गार्डन में `मी मराठी अभिमान महाराष्ट्राचा' कार्यक्रम में लोगों ने गीत, संगीत एवं नृत्य का दिल खोलकर कर आनंद उठाया। शिवसेना (यूबीटी) के उप विभाग प्रमुख प्रसाद आयरे एवं दयानंद कड्डी शाखा क्रमांक 65 द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नयन रम्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शिवसेना के उप नेता अमोल कीर्तिकर के हाथों किया गया। इस अवसर पर विधायक हारुन खान, विधानसभा संगठक संजय कदम सहित कई लोग उपस्थित रहे।



### महाराज की प्रतिमा को दी गई सलामी

छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा परिसर में प्रार्थना, गर्जना, आरती व ढोल ताशे के साथ रंग-बिरंगी रंगोली, दीपों की रोशनी, पारलाइट के प्रकाश में गुलाल उड़ाकर तोपों से महाराज की प्रतिमा को सलामी दी गई। नायगांव पूर्व जूचंद्र, परेरा नगर, भोयदापाडा, शिवाजी नगर, सातिवली, चिमीचा पाडा, और चिंचोटी जैसे इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज की जय जयकार करते हुए कई लोगों ने उनका पूजा भी किया। शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर हार चढ़ाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर यूबीटी के उपजिल्हा प्रमुख जनार्दन म्हात्रे, दिलीप चेंदवणकर, हरिहर पाटील अशोक बंडे और सेना पदाधिकारी आकाश गायकवाड जैसे शिवसैनिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सत्यनारायण पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

उद्धव गुट ने शिवसेना शाखाओं में सत्यनारायण पूजा और शिवाजी की प्रतिमा का पूजा कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी प्रकार शिंदे गुट और मनसे से नेताओं ने भी विभिन्न स्थानों पर सत्यनारायण पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक मंचन किया गया। दहिसर पूर्व केतकीपाडा में शिवसेना के शाखा क्रमांक 3 के शाखाप्रमुख प्रकाश पुजारी ने शिव जयंती महोत्सव आयोजित किया। सुबह 10 बजे शिव प्रतिमा का स्थापना की गई। शाम 6 से 9 बजे तक सत्यनारायण की महापूजा और साथ ही 7 से 10 बजे तक मराठी गीतों सुमधुर कार्यक्रम चला। इसी दौरान मंच से कलाकारों ने शिवाजी महाराज पर आधारित नाट्य भी प्रस्तुत किया। इसी प्रकार दादर, बोरीवली और अन्य कई स्थानों पर मनसे ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया था।

### मोटरसाइकिल रैली से कार्यक्रम की शुरुआत

मोटरसाइकिल रैली से कार्यक्रम को शुरुआत की गई। रैली में महिलाएं सांस्कृतिक पेहराव तथा पुरुष केशरी कुर्ता पहन कर सहभागी बने। रैली की शुरुआत दोपहर 3 बजे से विभिन्न स्थानों से निकाली गई। रैली में विभिन्न रंगों के फव्वारों का प्रस्तुतिकरण, सांस्कृतिक झांकियां शामिल रही।

### वसई में शिव जयंती पर निकाली पालखी

वसई में छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मतिथि के अनुसार सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 'जय शिवाजी, जय भवानी' के नारों से शिव प्रेमियों में उत्साह का संचार हो गया। वसई स्थित फादर वाडी, भोयदापाडा, अग्रवाल नाका और सातिवली में यूबीटी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शिवाजी जयंती का आयोजन किया था। इसी दौरान लोगों द्वारा शिवाजी महाराज की पालखी निकाली गई। पालखी में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। फादरवाडी में रमाकांत भोईर, अमजद शेख, गणेश वरखंडे, इबु शेख, भोयदापाडा में विश्वास किणी और रतिलाल चव्हाण, अग्रवाल नाका में काका मोटे, अतुल मोटे, विजय कोलते और सातिवली में शरद गांवकर और दत्ता कदम में कार्यक्रम का आयोजन किया था।

# IRCTC का समर वेकेशन स्पेशल इंटरनेशनल टूर पैकेज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (IRCTC) पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई ने समर वेकेशन के लिए विशेष इंटरनेशनल टूर पैकेज लॉन्च किए हैं। ये पैकेज मध्यम वर्ग के लिए किफायती होने के साथ-साथ बेहतरीन यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

### किफायती और सुविधाजनक पैकेज



IRCTC के पश्चिमी क्षेत्र के समूह महाप्रबंधक गौरव झा ने बताया कि ये पैकेज पर्यटकों को किफायती दरों पर अंतरराष्ट्रीय यात्रा का आनंद लेने का मौका देंगे। इनमें फ्लाइट टिकट, स्थानांतरण, दर्शनीय स्थल, सभी भोजन, प्रवेश शुल्क, आवास, वीज़ा/परमिट, टूर गाइड, यात्रा बीमा और जीएसटी शामिल हैं।

### उपलब्ध पैकेज और तारीखें

IRCTC ने लंदन पैकेज (09.05.2025 से 24.05.2025), डेज़लिंग दुबई (10.04.2025 से 14.04.2025), मिस्टिकल नेपाल (14.04.2025 और 07.05.2025), श्री रामायण यात्रा- श्रीलंका (06.05.2025 से 12.05.2025) के साथ सभी समावेशी यूरोप लॉन्च किया है, ये पैकेज बहुत अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए हैं, किफायती और वापसी की उड़ान टिकट लागत, सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थल, सभी भोजन, प्रवेश शुल्क, आवास, वीजा/परमिट, टूर गाइड, यात्रा बीमा और जीएसटी के साथ सभी समावेशी हैं।


# चैत्र नवरात्र उत्सव मंडप का भूमिपूजन



**ठाणे।** धर्मवीर आनंद दिघे द्वारा शुरू की गई परंपराओं को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्हीं के द्वारा स्थापित चैत्र नवरात्र उत्सव अब भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सोमवार को डिप्टी सीएम शिंदे ने चैत्र नवरात्र उत्सव मंडप का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, परिवहन सभापति विलास जोशी सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा में उठा यवतमाल - वाशिम में लंबित रेल परियोजनाओं का मामला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय देशमुख ने सोमवार को लोकसभा में अपने संसदीय क्षेत्र यवतमाल-वाशिम में रुकी रेल परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उनको जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक "शकुंतला एक्सप्रेस" को भी फिर से शुरू करने के लिए आवाज उठाई। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा में रेलवे (अनुदान मांग 2025-26) पर चर्चा के दौरान संजय देशमुख ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रुकी हुई रेल परियोजनाओं को लेकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने वर्धा-नांदेड़, वाशिम-पोहरादेवी-दिग्रस-माहुर-आदिलाबाद और मुर्तिजापुर-करंजा-दारव्हा रेलवे लाइनों के काम में हो रही देरी का भी मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि वर्धा-नांदेड़ रेलवे परियोजना की घोषणा 2008 में की गई थी, लेकिन वास्तविक कार्य 2016 में शुरू हुआ। दुर्भाग्यवश, 9 वर्षों में केवल 38 किमी रेलवे लाइन ही पूरी हो पाई है। यदि यह परियोजना पूरी हो जाती है तो यवतमाल जिले के 92 गांवों और वर्धा, यवतमाल और नांदेड़ शहर को बहुत लाभ होगा। इसलिए इस परियोजना को तत्काल प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा इसमें तेजी लाई जानी चाहिए।

# अभय योजना से 16,249 बिजली उपभोक्ताओं को राहत

## योजना का लाभ उठाने के लिए दो सप्ताह शेष

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**



महावितरण की अभय योजना के तहत कल्याण और भांडुप सर्कल के 16,249 बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। ये वे उपभोक्ता हैं, जिनकी बिजली आपूर्ति बकाया न चुकाने के कारण स्थायी रूप से काट दी गई थी। इन उपभोक्ताओं ने अब तक कुल 35.13 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जिससे उन्हें मूल बकाया राशि पर 5 से 10 प्रतिशत की छूट और ब्याज व विलंब शुल्क माफी का लाभ मिला है। मार्च 2025 के अंत तक यह योजना समाप्त हो रही है, ऐसे में अभी भी जिन उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ नहीं लिया है, वे https://wss.mahadiscom.in/wss/wss पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निम्न वोल्टेज और उच्च वोल्टेज उपभोक्ता (सार्वजनिक जल आपूर्ति और कृषि पंप उपभोक्ताओं को छोड़कर), जिनकी बिजली आपूर्ति मार्च 2024 के अंत तक स्थायी रूप से काट दी गई थी, इस योजना के तहत राहत पाने के पात्र हैं। उपभोक्ता बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या छह बराबर किस्तों में कर सकते हैं। ब्याज और विलंब शुल्क पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा।

# ठाणे में 19 मार्च से सीएम कप कबड्डी टूर्नामेंट

## गणेश नाईक करेंगे उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र राज्य कबड्डी संघ और ठाणे जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में 72वीं प्रतिष्ठित पुरुष श्रीकृष्ण ट्रॉफी और महिला पार्वतीबाई सांडव कप राज्य चैम्पियनशिप मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन 19 मार्च से ठाणे में किया जाएगा।



### राष्ट्रीय टीम चयन का सुनहरा अवसर

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना जाएगा। इसके बाद 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ियों की अंतिम राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा।

### उद्घाटन समारोह और प्रमुख अतिथि

राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक 19 मार्च की शाम 6 बजे इस टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और मनपा आयुक्त सौरभ राव उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष अजीत पवार भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### टूर्नामेंट का स्थान और महत्व

ठाणे के कैडबरी जंक्शन स्थित जे.के. केमिकल कंपनी परिसर में छह मिट्टी के मैदानों पर यह प्रतियोगिता 19 से 23 मार्च तक हर शाम आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए महाराष्ट्र टीम में किया जाएगा।

### कबड्डी के महाकुंभ में 62 टीमें और 868 खिलाड़ी

महाराष्ट्र राज्य के 31 जिलों से पुरुष और महिला वर्ग की 31-31 टीमें (कुल 62 टीमें) इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में कुल 868 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों के चयन और मुकाबलों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए महाराष्ट्र राज्य कबड्डी संघ द्वारा 75 मैच अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### ठाणे में 11 साल बाद बड़ा आयोजन

ठाणे में इससे पहले 2014 में राज्य कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसे अभूतपूर्व समर्थन मिला था। अब 11 साल बाद ठाणेवासियों को फिर से एक बड़े कबड्डी टूर्नामेंट का आनंद लेने का अवसर मिल रहा है। इस टूर्नामेंट का प्रतीक तेंदुआ होगा।

# धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मासुंदा तालाब स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को सलामी देने के लिए भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस तालावपाली, टेंबी नाका, कोर्ट नाका, स्टेशन रोड, सिद्धिविनायक मंदिर, रंगो बापूजी गुप्ते चौक से होते हुए आगे बढ़ा। इस दौरान मनपा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद पालकी में विराजमान शिवाजी महाराज की छवि को प्रणाम कर जुलूस आगे बढ़ा, जिसमें घुड़सवार, शिव शैली के पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करने वाली मंडलियाँ और बैंड शामिल थे।



### गणमान्य लोग रहे उपस्थित

जुलूस में पूर्व उपमहापौर पल्लवी कदम, पूर्व नगरसेवक पवन कदम, पूर्व नगरसेवक सुधीर कोकाटे, उपायुक्त शंकर पटोले, सहायक आयुक्त सोपान भाईक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### महापुरुषों को अर्पित की गई पुष्पांजलि

कोर्ट नाका पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, धर्मवीर आनंद दिघे और तलावपाली में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

### समापन और मुख्यालय में सम्मान

रैली के दौरान कालभैरव स्पोर्ट्स क्लब और जय हनुमान स्पोर्ट्स क्लब के कार्यकर्ताओं ने शिव शैली के खेलों का शानदार प्रदर्शन किया। रैली का समापन पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को नमन कर किया गया। वहीं, ठाणे मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक संजय वाघुले, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त मीनल पलांडे, अधिकारी मकरंद काले सहित मनपा के अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष:** संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी

**कर्क:** भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएंगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**सिंह:** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी।

**कन्या:** मान बढ़ेगा। मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**वृश्चिक:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी।

**धनु:** उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे।

**मकर:** धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे।

**कुंभ:** समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे।

**मीन:** रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

# मंगलकृत पितृदोष के उपाय



1. शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार के दिन घर में मंगल यंत्र पूर्ण विधि विधान से स्थापित करें। जब घर के बाहर जाएं तो यंत्र दर्शन अवश्य करके जाएं।
2. नित्य प्रातःकाल उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दें।
3. निम्य एक माला जप निम्न मंत्र का करें। ऊं अंगारकाय विद्महे, शक्तिहस्ताय, धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्।।
4. शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से आरंभ करके 11 मंगलवार व्रत करें। हनुमान जी व शिवजी की उपासना करें। जमीन पर सोएं।
5. मंगलवार के दिन 5 रत्ती से अधिक वनज का मूंगा सोने या तांबे में विधि विधान से धारण करें।
6. तीनमुखी रूद्राख धारण करें तथा नित्य प्रातःकाल द्वादश ज्योतिर्लिंगों के नामों का स्मरण करें।
7. बहनों का भूलकर भी अपमान न करें।
8. लालमुख वाले बंदरों को गुड़ व चना खिलाएं।
9. जब भी अवसर मिले रक्तदान अवश्य करें।
10. 100 ग्राम मसूर की दाल जल में प्रवाहित कर दें।
11. सुअर को मसूर की दाल व मछलियों को आटे की गोलियां खिलाया करे।



प्रियंका जैन
9769994439

## सहारनपुर में सीएम योगी का विपक्ष पर हमला



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' दिया, जबकि पहले की सरकारों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' को बढ़ावा दिया था। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में आम लोग, व्यापारी और महिलाएं सुरक्षित हैं, लेकिन माफिया नहीं। सीएम योगी सोमवार को सहारनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की समीक्षा की। जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और अन्य ऋण योजनाओं के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किए और युवाओं को संबोधित किया।

## एक लाख के इनामी नक्सली राजमन होड़ी का सरेंडर



कोंडागांवः पूरे बस्तर में माओवादियों के खात्मे के लिए एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान दबाव में आकर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। सोमवार को 1 लाख के इनामी नक्सली राजमन होड़ी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सली पर शासन की ओर से 1 लाख का इनाम घोषित किया गया था। हार्डकोर माओवादी राजमन होड़ी ने कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार डांडे के सामने सरेंडर किया।

## प्रोफेसर ने 30 से ज्यादा छात्राओं का किया यौन-शोषण



हाथरस। यूपी के हाथरस में एक डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर के मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले। पुलिस जांच में पता चला कि ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड कर दिए थे। कहा जा रहा है कि वह 20 साल में 30 से ज्यादा छात्राओं का यौन-शोषण कर चुका है। फिलहाल, आरोपी फरार है। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगाई हैं।

मामला बागला डिग्री कॉलेज (एडेड) का है। दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की। 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। आनन-फानन में डीएम ने जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई। आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश की उम्र 54 साल है। वह भूगोल पढ़ाता है।

## बिहार के किशनगंज में SSB जवानों पर हमला

**किशनगंज।** बिहार में लगातार पुलिस पर हमले पर हमलो की घटना सामने आ रही है। सोमवार को किशनगंज थाना क्षेत्र के बेलवा में असामाजिक तत्वों ने एसएसबी के जवानों पर हमला बोल दिया जिसमें पांच जवान घायल हो गए। एसएसबी 19 वीं वाहिनी के घायल जवानों में राजेश सुधु, रामचन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुखदेव कुमार, राजेश साहनी शामिल है। रअसल एसएसबी 19 वीं बटालियन को कुछ इनपुट मिला था। जिसके बाद एक टीम कुछ अपराधियों का पीछा कर रही थी।

# हिमाचल प्रदेश में 58514 करोड़ रुपए का बजट पेश

एजेंसी । शिमला



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 58514 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया गया है। यह पिछले साल के बजट की तुलना में 70 करोड़ रुपये ज्यादा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का वित मंत्री के तौर पर ये तीसरा बजट था। बजट में राजस्व प्राप्तियां 42343 करोड़ जबकि राजस्व व्यय 48733 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

### राजस्व घाटा 6,390 करोड़ रुपये अनुमानित

इस तरह कुल राजस्व घाटा 6,390 करोड़ रुपये अनुमानित है। बजट में राजकोषीय घाटा 10,338 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो प्रदेश सकल घरेलू उत्पाद का 4.04 फीसदी है। बजट के अनुसार, प्रति सौ रुपए में से वेतन पर 25 रुपए, पेंशन पर 20 रुपए, ब्याज अदायगी पर 12 रुपए, कर्ज अदायगी पर 10 रुपए, स्वायत संस्थानों के लिए ग्रांट पर नौ रुपए, जबकि शेष 24 रुपए विकास और अन्य कार्यों पर खर्च किए जाएंगे।

- 25 हजार नौकरियों का ऐलान
- 1,000 कांस्टेबलों की होगी भर्ती
- आशा वर्करों पर भी घोषणा



### 1,000 कांस्टेबलों की होगी भर्ती

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सूबे के पुलिस विभाग में कांस्टेबलों के एक हजार पदों पर भर्ती होगी। होमगार्ड स्वयं सेवक चालकों के 113 पदों को भरा जाएगा। पंचायत सचिवों के 853 पदों को सीधी भर्ती व तकनीकी सहायकों के 219 पद भरे जाएंगे। यही नहीं सीएम ने 290 आशा वर्करों की भी नियुक्ति किए जाने की बात कही।

### 25 हजार भर्तियों का ऐलान

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं के लिए 25 हजार नौकरियों का ऐलान किया है। इनमें महाविद्यालयों व विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के एक हजार पद भरे जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग में आयुष चिकित्सा अधिकारियों के 200, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों के तीन, सोवा रिग्पा चिकित्सा अधिकारियों के तीन, युनानी चिकित्सा अधिकारियों के दो, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारियों के 52, लैब तकनीशियनों के 32, स्टाफ नर्सों के 33, एनएनएम के 82, जेओए आईटी के 42 पदों को भरा जाएगा।

## हरियाणा सीएम नायब सैनी ने पेश किया बजट

एजेंसी । चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। 2.05 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में भविष्य की तकनीकों को ध्यान में रखते हुए एक नया 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' (भविष्य विभाग) बनाने की घोषणा की गई। यह विभाग नई तकनीकों का अध्ययन करेगा और आम जनता को उनके फायदे बताएगा।

### बजट के अहम बिंदु:

- ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए विशेष अथॉरिटी बनाई जाएगी।
- महिला कृषकों को 1 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त कर्ज दिया जाएगा।
- गुरुग्राम में फूल मंडी और हिसार एयरपोर्ट पर एयर कार्गो सुविधा स्थापित होगी।
- हर जिले में गाय अभयारण्य बनाए जाएंगे ताकि उपेक्षित गोवंश को संरक्षण मिल सके।
- वर्ल्ड बैंक की मदद से 'हरियाणा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन' शुरू होगा, जिसके लिए 474 करोड़ रुपये का अनुदान मिलेगा।

## संत प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव पर होंगे 6 दिवसीय कार्यक्रम

एजेंसी । मथुरा



वृंदावन के आध्यात्मिक गुरु संत प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव को लेकर आश्रम केली कुंज ट्रस्ट में अनेकों कार्यक्रम आश्रम परिसर के प्रांगण में होंगे। जिसमें देश भर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। । देश भर से आने वाले भक्तों के लिए ट्रस्ट ने एक सूची जारी की है कि किस दिन कौन से प्रदेश के भक्त महाराज जी के दर्शन कर सकेंगे। 25 से 30 मार्च तक भक्त सूची के हिसाब से दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि आध्यात्मिक गुरु संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन की एक झलक पाने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ जाती है। इसलिए ट्रस्ट ने सूची के अनुसार दर्शन व्यवस्था की है।

### भक्तों के दर्शन के लिए सूची जारी

**25 मार्च:** मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, हाथरस, अलीगढ़ आगरा जिले के श्रद्धालु दर्शन करेंगे।
**26 मार्च:** आगरा, अलीगढ़ जिले के छोड़कर उत्तर प्रदेश भर के श्रद्धालु दर्शन करेंगे।
**27 मार्च:** दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा पंजाब के श्रद्धालु दर्शन करेंगे
**28 मार्च:** केरल ,उत्तराखंड, असम, गोवा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक,तमिलनाडु, तेलंगाना,हिमाचल प्रदेश, गुजरात और बिहार के श्रद्धालु दर्शन करेंगे।
**29 मार्च:** महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल ,मध्य प्रदेश, उड़ीसा, जम्मू कश्मीर और राजस्थान के श्रद्धालु दर्शन करेंगे
**30 मार्च:** जन्मोत्सव के दिन संत समाज प्रेमानंद महाराज के दर्शन करेंगे।

## दो दिन बाद हो सकता है धामी कैबिनेट का विस्तार

**'फाइनल' फैसला लेगा हाईकमान**

एजेंसी । देहरादून

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद उत्तराखंड की राजनीति गरमा गई है। इस घटनाक्रम के बाद धामी सरकार के कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। खबर है कि आने वाले दो दिनों में नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण हो सकता है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली रवाना हुए, लेकिन देहरादून एयरपोर्ट से ही लौट आए। वहीं, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पहले से ही दिल्ली में मौजूद हैं, और अब राज्यपाल भी दिल्ली रवाना हो गए हैं। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि कैबिनेट विस्तार को लेकर जल्द कोई बड़ा फैसला हो सकता है।

### पांच सीटें खाली, किन जिलों को मिलेगा मौका?



वर्तमान में धामी कैबिनेट में पांच मंत्री पद खाली हैं। इनमें से तीन सीटें सरकार बनने के बाद से ही खाली थीं, जबकि एक सीट कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन और दूसरी प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के कारण खाली हुई। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरकाशी, हरिद्वार, पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों से नए मंत्रियों को मौका मिल सकता है। हाईकमान इस पर मंथन करेगा और जल्द ही फैसला हो सकता है। सभी की नजरें अब सीएम धामी के अगले कदम पर टिकी हैं।

## एमपी बोर्ड की 90 लाख कॉपियों की जांच

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, एमपी बोर्ड ने परीक्षाओं के संचालन के साथ ही कॉपी चेकिंग का काम शुरू कर दिया है। लेकिन माध्यमिक शिक्षा मंडल के एक आदेश ने कॉपी चेक करने वालों की टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, इस वर्ष एमपी बोर्ड की परीक्षा में 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं, जिनकी 90 लाख आंसर शीट यानी उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएंगी। वहीं इवैल्यूएशन में गड़बड़ी रोकने के लिए बोर्ड ने नया आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकनकर्ताओं में कसावट लाने के लिए मूल्यांकान को तीन स्तरों पर बांटा है। इसके बाद भी अगर कॉपी चेक करने में गड़बड़ी होती है तो संबंधित मूल्यांकनकर्ता पर कार्रवाई की जाएगी। एमपी बोर्ड का मूल्यांकन इस बार तीन स्तर पर किया जाएगा।

## ग्वालियर में आरटीओ एएसआई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ग्वालियरः** परिवहन विभाग में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घर के अंदर उनका शव कमरे में पड़ा मिला हैं। मृतक धर्मवीर फ्लाइंग एस्कॉड के प्रभारी थे। परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। इसके बाद उन्हें पीएम हाउस लेकर पहुंचे। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। धर्मवीर से परिवहन घोटाले में शामिल सौरभ शर्मा के साथ भी तैनात रहे हैं। दरअसल, ग्वालियर परिवहन विभाग के सहायक उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह के भाई समर सिंह के मुताबिक वहां रात को अपने निर्धारित समय पर सो गए थे। वहां कम्पू थाना क्षेत्र में साऊथ वेन्यू कैम्पस में रहते थे। सुबह जल्दी जागते थे। ड्राइवर जब उन्हें चाय देने गया तो देखा वहां जागे नहीं थे। उसे कुछ शंका हुई तो पड़ोसियों को बुलाया, जब शरीर में कोई हलचल नहीं दिखी तो अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




# सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 पर बंद

**निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही, 22,508 पर बंद**

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही, यह 22,508 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में फार्मा, बैंक और ऑटो शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी फार्मा इंडेक्स सबसे ज्यादा 1.56% की तेजी रही। बैंक और ऑटो शेयर भी करीब 1% चढ़कर बंद हुए। रियल्टी, एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर में करीब 0.50% की गिरावट रही। वहीं सेंसेक्स पर बजाज फिनसर्व, M&M और एक्सिस बैंक टॉप गेनर रहे।

### गुरुवार को 200 अंक गिरकर 73,828 पर बंद हुआ था बाजार



14 मार्च को होली के चलते बाजार बंद था। वहीं 15 और 16 मार्च को साप्ताहिक छुट्टी थी। इससे पहले 13 मार्च को सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 73,828 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 73 अंक की गिरावट रही, ये 22,397 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 में तेजी और 22 में गिरावट रही। स्टेट बैंक, ICICI बैंक और पावरग्रीड के शेयर में तेजी जबकि टाटा मोटर्स में 2.0%, इंडसइंड बैंक में 1.78% और जोमैटो में 1.34% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 12 में तेजी, जबकि 38 में गिरावट रही। NSE के रियल्टी में 1.83%, मीडिया में 1.50% और ऑटो सेक्टर में 1.10% की गिरावट रही।

### ग्लोबल मार्केट में भी तेजी

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.93%, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.77%% और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19%% की तेजी रही। 14 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% चढ़कर 41,488 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट 2.61% और S&P 500 इंडेक्स 2.13% चढ़ा। 13 मार्च को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 792 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 1,723 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# फरवरी में भारत का निर्यात घटकर हुआ 71.95 बिलियन डॉलर

**बीते वर्ष के समान अवधि के मुकाबले निर्यात में इजाफा लेकिन जनवरी के मुकाबले आई गिरावट**

**सेवा क्षेत्र के निर्यात में बीते वर्ष के मुकाबले आई तेजी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मोर्चे पर फरवरी में भारत के कुल निर्यात में गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने भारत का कुल निर्यात 71.95 बिलियन डॉलर रहा, जो जनवरी में 74.97 बिलियन डॉलर था। इस तरह निर्यात में 3.02 बिलियन डॉलर की कमी आई है। हालांकि, सालाना आधार पर निर्यात में 2.21 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि, वस्तुओं के निर्यात में गिरावट




सेवा क्षेत्र का निर्यात फरवरी 2024 में 28.33 बिलियन डॉलर था, जो इस साल बढ़कर 35.03 बिलियन डॉलर हो गया। सेवा क्षेत्र का आयात 15.23 बिलियन डॉलर से मामूली बढ़कर 16.55 बिलियन डॉलर हुआ। वस्तुओं के निर्यात में गिरावट देखी गई, जो 41.41 बिलियन डॉलर से घटकर 36.91 बिलियन डॉलर रह गया। आयात भी 60.92 बिलियन डॉलर से घटकर 50.96 बिलियन डॉलर पर आ गया।

### किन क्षेत्रों में दिखी वृद्धि?


मंत्रालय के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडीमेड कपड़े, टैक्सटाइल, समुद्री उत्पाद और कॉफी के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर यूरोप में कॉफी की मांग बढ़ी है, जिसमें बेल्जियम समेत कई देशों ने रुचि दिखाई है।

## थोक मुद्रास्फीति में मामूली बढ़ोतरी



नई दिल्ली। इस साल फरवरी में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 2.31 प्रतिशत थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सब्जी, तेल और पेय जैसे विनिर्मित खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण फरवरी 2025 में महंगाई बढ़ी। एक साल पहले फरवरी 2024 में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति 0.2 प्रतिशत थी।

## रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर




मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के कारण सोमवार को रुपया 24 पैसे उछलकर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.90 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चस्तर 86.76 तक गया और 86.90 के निचले स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 24 पैसे की बढ़त है।

## गौतम और राजेश अडाणी को बॉम्बे हाई-कोर्ट से क्लीन चिट

**मार्केट रेगुलेशन उल्लंघन मामले में बरी हुए**

**388 करोड़ के फ्रॉड का आरोप था**





**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (AEL) के चेयरमैन गौतम अडाणी और मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अडाणी को सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (SFIO) के एक मामले से बरी कर दिया है। इस केस में गौतम और राजेश पर AEL के शेयर की कीमतों में हेरफेर का आरोप लगाया गया था। बार एंड बेंच ने रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। जस्टिस राजेश एन लड्ढा ने सेशन कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें गौतम, राजेश और AEL को लंबे समय से चल रहे मामले से मुक्त करने से इनकार कर दिया गया था। इस केस में गौतम अडाणी और राजेश अडाणी पर मार्केट रेगुलेशन का उल्लंघन कर 388 करोड़ रुपए का फ्रॉड करने का आरोप लगाया गया था। हाई कोर्ट का यह फैसला तब आया जब अडाणी और AEL ने सेशन कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। उनकी अपील पर सीनियर एडवोकेट अमित देसाई और विक्रम नानकानी ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ कार्यवाही जारी रखने का कोई आधार नहीं है। यह मामला SFIO द्वारा दायर 2012 की चार्जशीट से जुड़ा है। इस चार्जशीट में आरोप लगाया गया था कि AEL और अडाणी ने स्टॉकब्रोकर केतन पारेख के साथ मिलकर शेयर की कीमतों में हेरफेर किया था।

## सोना 1,258 बढ़कर 88,101 के ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत 17 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,258 बढ़कर 88,101 हो गया है। इससे पहले गोल्ड ने 13 मार्च को 86,843 का हाई बनाया था। वहीं, एक किलो चांदी आज 1,445 महंगी होकर 99,767 प्रति किलो पर पहुंच गई है। बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को चांदी का भाव 98,322 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने इससे पहले 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 प्रति किलो का हाई बनाया था।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत



**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,710 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,560 रुपए है।

## बेकहम, एसो और रोजित का साइकिलिंग में रिकॉर्ड

नई दिल्ली। डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने तुर्की के कोन्या में यूसीआई ट्रैक साइकिलिंग नेशंस कप में पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने सोमवार को एक्स पर यह जानकारी दी। भारतीय टीम ने 14 से 16 मार्च तक हुई प्रतियोगिता में 44.187 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में बनाए गए 44.451 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में 11वें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने 42.060 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान (42.194) और ऑस्ट्रेलिया (42.352) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

## सात दशक का इंतजार खत्म कर न्यूकासल चैंपियन

लंदन। न्यूकासल ने इंग्लिश लीग कप जीत लिया है। उसने रविवार को खेले गए मैच में लिवरपूल को 2-1 से पराजित कर दिया। इस तरह से कोई घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म कर दिया। इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज फेयर्स कप जीता था पर यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है। डैन बर्न (45वां मिनट) और एलेक्जेंडर इसाक (52वां मिनट) ने वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजुरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने जीत के बाद कहा, 70 साल

## आईपीएल डायरी

# कुछ महीनों में समय ने बड़ी करवट ले ली : पांड्या



एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया। इसके बावजूद वह मुश्किल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे।

### नाराजगी भी झेली

- पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। पर इसके बाद उन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। 31 वर्षीय हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले एक चैनल से कहा, मेरे करियर में कुछ ऐसे भी दौर आए, जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है, क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई तो यह उससे भी ज्यादा था, जितना मैंने सोचा था। इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला, उससे मैं अभीभूत था।

### मुंबई इंडियंस की टीम संतुलित

मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के पिछले सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी लेकिन हार्दिक का मानना है कि उनकी टीम इस बार काफी संतुलित है और वह चीजों को बदलने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा, मैं लगभग 11 वर्ष से आईपीएल खेल रहा है। हर सत्र आपके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मक भाव पैदा करता है। पिछला सत्र निश्चित तौर पर एक टीम के रूप में हमारे लिए चुनौतीपूर्ण था लेकिन इससे काफी सीख मिली। हमने इन सीख का विश्लेषण किया और 2025 के लिए अपनी टीम तैयार करते समय इन्हें लागू किया। इस बार हमारे पास काफी अनुभवी टीम है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेली है।

### पंजाब किंग्स से देर से जुड़ेंगे अफगानिस्तान के उमरजई



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजामतुल्लाह उमरजई व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल में अपनी टीम पंजाब किंग्स से देर से जुड़ पाएंगे। टीम के विदेशी खिलाड़ी सोमवार से आ रहे हैं लेकिन आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर उमरजई 20 मई को ही टीम से जुड़ पाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम सत्र का अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जो अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने कहा, रचिन रवींद्र और डेवोन कॉन्वे सहित अन्य सभी यहां पहुंच गए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के उपकप्तान होंगे डुप्लेसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। 40 वर्षीय डुप्लेसी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रहे। बेंगलुरु की टीम ने पिछले साल मेगा नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बरकरार नहीं रखा था। दिल्ली की टीम ने उन्हें नीलामी में दो करोड़ रुपए में खरीदा था। डुप्लेसी ने फ्रेंचाइजी के वीडियो में कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं।

## रिचटमैन तीन दशक में पहले अमेरिकी चैंपियन

लॉस एंजिल्स। मैट रिचटमैन ने 40वीं वार्षिक लॉस एंजिल्स मैराथन जीत ली है। इस तरह पिछले 31 साल में यह खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक बन गए हैं। उन्होंने दो घंटे, सात मिनट, 56 सेकंड का समय लेकर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनसे पहले यह मैराथन जीतने वाले आखिरी अमेरिकी धावक पॉल पिलकिंगटन थे जिन्होंने 1994 में यह कारनामा किया था। कीनिया के अथानास किओको 2:10.55 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के ही मोसेस कुर्गट ने 2:13.13 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में इथियोपिया की तेजिनेश तुलु (2:30.16) ने खिताब जीता। कीनिया की एंटोनिना क्वाम्बई (2:30.19) दूसरे जबकि ओरेम, यूटा की सवाना बेरी (2:30.31) तीसरे स्थान पर रहीं।

## हॉकी प्रो लीग

# तैयारी में जुटी पुरुष टीम

एजेंसी । बेंगलुरु



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोर ग्रुप में शामिल 36 खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर सोमवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में शुरू हो गया। शिविर का समापन 28 मार्च को होगा। अगले सप्ताह शादी करने वाले स्ट्राइकर मनदीप सिंह को शिविर से छूट दे दी गई है।

### प्रदर्शन का विश्लेषण होगा

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि इसमें टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाएगा। हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में फुल्टन ने कहा, हमारा प्रयास अब यूरोप में प्रो लीग के अगले चरण के मैचों के लिए तैयारी करना होगा। मुझे यह देखने में भी दिलचस्पी होगी कि नई प्रतिभाएं अपेक्षाओं पर कैसे खरा उतरती हैं। खिलाड़ियों के लिए यह सत्र बेहद व्यस्त रहा और उन्हें लगातार प्रतियोगिताओं में कड़े मैच खेलने पड़े। इस शिविर में टीम के हाल के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के अलावा फिटनेस और अनुकूलन पर ध्यान दिया जाएगा। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर खेले गए आठ मैचों में से पांच में जीत से प्रभावित किया। भारतीय टीम वर्तमान में प्रो लीग तालिका में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

### शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार। **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच। **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पूवन्ना सीबी।

## बीएफआई चुनाव

# अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के 28 मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। मौजूदा अध्यक्ष अजय सिंह तीसरी बार पद हासिल करने की कोशिश में हैं, लेकिन उन्हें महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी से कड़ी चुनौती मिलेगी।



स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष अजय सिंह का नामांकन उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया है, जबकि असम मुक्केबाजी संघ के सचिव हेमंत कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष राजेश भंडारी भी मैदान में हैं। नामांकन की जांच मंगलवार को होगी, जबकि वैध नामांकन और नाम वापसी की सूची 19 मार्च को जारी की जाएगी।

अन्य पदों पर मुकाबला

**महासचिव पदः** उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार, कर्नाटक के सतीश एन, ओडिशा के अनिल कुमार बोहिदार और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) चुनाव लड़ रहे हैं।

**कोषाध्यक्ष पदः** दिग्विजय सिंह ने भी नामांकन दाखिल किया है।

बीएफआई चुनाव आठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और इतने ही क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भी चुने जाएंगे।

## स्विस ओपन

# सिंधु और लक्ष्य को भटकी लय पाने की आस

एजेंसी । बासेल

लगातार निराशानजक प्रदर्शन से निराश भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोई फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। ढाई लाख डॉलर इनामी राशि के इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में नौ भारतीय चुनौती पेश कर रहे हैं। इनके अलावा सात खिलाड़ी क्वालीफायर में भी दावा पेश करेंगे। पुरुष और महिला एकल में ड्रॉ ऐसे हैं कि पहले दौर में ही भारतीय आमने सामने होंगे। पुरुष एकल में लक्ष्य और एचएस प्रणय में शुरुआती मुकाबला होगा। प्रणय 2016 में खिताब जीत चुके हैं। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।

**06** एकल खिताब भारतीय खिलाड़ियों ने यहां जीते हैं

**02** खिताब सर्वाधिक साइना ने 2011 और 2012 में जीते



### भारत का अच्छा रिकॉर्ड

स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सिंधु, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विट्जरलैंड के टोबियास कुएंजी से खेलेंगे। महिला एकल में आकर्षि कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अनुपमा अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेगी।

## बॉलीवुड



# श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना भाटिया

बॉलीवुड साउथ की फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की एक खास दिली ख्वाहिश है। तमन्ना चाहती हैं कि वह बड़े पद्रे पर श्रीदेवी का किरदार निभाएं। दरअसल, तमन्ना को श्रीदेवी बेहद पसंद हैं और यही वजह है कि वह उनका किरदार निभाना चाहती हैं। क्या होगी तमन्ना की दिली ख्वाहिश पूरी? तमन्ना की यह ख्वाहिश तब सामने आई है जब से बोनी कपूर ने श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल का एलान किया है। ओटीटी प्ले के अनुसार, खुशी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अपनी मां श्रीदेवी की बायोपिक को 100 साल बाद भी सही तरीके से नहीं कर पाएंगी। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म ₹मॉम₹ एक रिवेंज-ड्रामा थी, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी थे। बहरहाल, यह फिल्म अभी जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। कथित तौर पर बोनी कपूर अपनी बेटी खुशी को 'मॉम' के सीक्वल में देखना चाहते हैं। बोनी को लगता है कि खुशी इस किरदार के लिए बहुत अच्छी हैं।

### किन फिल्मों में नजर आ चुकी खुशी

बोनी कपूर की बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री खुशी कपूर की फिल्म ₹लवयापा₹ हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने डेब्यू किया था। उनकी दूसरी फिल्म नादानियां है। इस फिल्म में खुशी के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने बॉलीवुड में कदम रखा।

### तमन्ना भाटिया की फिल्में

तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कथित तौर पर रेंजर नाम की फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति करेंगे। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा अजय देवगन और संजय दत्त भी नजर आ सकते हैं। हालांकि इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# 'फिट इंडिया' आइकन बने आयुष्मान खुराना




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना को फिट इंडिया आइकन बनाया गया है। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में फिट इंडिया मूवमेंट के कार्यक्रम में दिया। आयुष्मान अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस खास अभियान का हिस्सा हैं। यह मूवमेंट फिटनेस को हर भारतीय की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहता है। आयुष्मान अपनी फिल्मों की वजह से युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं। वह अब लाखों लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित करेंगे। यह अभियान लोगों को सिखाता है कि छोटी-छोटी आदतों से सेहतमंद रहा जा सकता है। साथ ही, इसके तहत पारंपरिक भारतीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

### सेहत की अहमियत पर कही ये बात

आयुष्मान ने सेहत की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, ₹अगर सेहत अच्छी है तो जिंदगी की हर मुश्किल आसान लगती है। चाहे वह निजी हो या काम से जुड़ी हो। अगर सेहत खराब हो तो वही सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। अच्छी सेहत हमें हर काम करने की ताकत देती है। एक फिट इंसान आत्मविश्वास से भरा होता है। सेहत ही सबकुछ है।

# करण के साथ कोर्ट मैरिज करेंगी तेजस्वी





अभिनेत्री हिना खान हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ 'सेलिब्रिटी मास्टशेफ' में पहुंचीं। दोनों स्पेशल गेस्ट के रूप में अपनी शादी का मेन्यू तय करने शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागी सेलेब्स को टास्क दिए। हिना और रॉकी ने प्रतिभागियों को लड़की वाले और लड़केवाले दो ग्रुप में बांट दिया। इस शो में फराह खान ने तेजस्वी से उनकी शादी का प्लान पूछा। शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में फराह खान ने तेजस्वी से करण कुंद्रा के साथ उनकी शादी का प्लान जनना चाहा। इस पर तेजस्वी ने खुलासा किया कि वे सादगी के साथ शादी करना चाहेंगी। करण पंजाबी हैं और तेजस्वी महाराष्ट्रीयन। ऐसे में फराह ने पूछा कि उनकी शादी किस तरह की होगी? इस सवाल के जवाब में तेजस्वी ने खुलासा किया, 'मुझे नॉर्मल कोर्ट मैरिज से कोई दिक्कत नहीं है। हम लोग फिर घूमेंगे, फिरेंगे ऐश करेंगे'। इस दौरान तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की पहली मुलाकात का भी जिक्र हुआ। हिना खान ने उनकी लव स्टोरी के बारे में सवाल किया। तेजस्वी ने बताया कि वे और करण एक रियलिटी शो में मिले थे। उन्होंने कहा, 'एक दिवाली सीक्वेंस था।

# विक्रम के फैंस का इंतजार खत्म



तमिल फिल्मों के सुपरस्टार विक्रम अपनी दमदार और अलग-अलग किरदारों के लिए मशहूर हैं। हाल ही में फिल्म 'तंगलान' में उन्होंने इसका बेहतरीन उदाहरण पेश किया था। अब विक्रम एक बार फिर फैंस को लुभाने के लिए तैयार हैं। उनकी नई फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस एक्शन थ्रिलर का ट्रेलर 20 मार्च 2025 को रिलीज होगा। इस बात का एलान फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया के जरिए किया है।

### मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, ₹20 मार्च को शाम 7 बजे चेन्नई के वेल टेक यूनिवर्सिटी में विक्रम को काली के रूप में सेलिब्रेट करें। ऑडियो और ट्रेलर लॉन्च के साथ म्यूजिक और मस्ती भरी शाम में वहां मिलते हैं।₹ इस फिल्म का प्रमोशन तेजी से चल रहा है। फिल्म का अंतिम काम जोरों पर है। एडिटिंग, विजुअल इफेक्ट्स और साउंड डिजाइन को परफेक्ट किया जा रहा है। एक्शन से भरी इस फिल्म में ये चीजें बहुत अहम हैं।

### फिल्म में दिखेंगे ये सितारे

'वीरा धीरा सूरन' में विक्रम काली का किरदार निभा रहे हैं। काली एक साधारण दुकानदार है, जो क्राइम की खतरनाक दुनिया में फंस जाता है। उनके साथ इस फिल्म में एस जे सूर्या, सूरज वेंजरमुडु (तमिल डेब्यू), दुशारा विजयन और सिद्दीक जैसे सितारे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने सोमवार को साइबर ठगी करने वाली दो महिलाओं सहित छह आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इनपर एक पूर्व सैनिक को उनके पैसे दोगुने करने के बहाने 17.50 लाख रुपये से अधिक की ठगी का आरोप है। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित की शिकायत के बाद 2022 में विशेष अपराध शाखा (एससीडब्ल्यू) पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

### केरल में केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन


**कोच्चि।** केरल के सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने सोमवार को राज्यभर में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किए। एलडीएफ ने आरोप लगाया कि केंद्र ने हाल के बजट में केरल की उपेक्षा की है और राज्य की ओर से उठाए गए मुद्दों को नजरअंदाज किया है। मुख्य विरोध प्रदर्शन राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम स्थित राजभवन के सामने हुआ, जबकि अन्य जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन किए गए।

### आंध्र प्रदेश में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त

**अनाकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में एक मालगाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसके चलते रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हुआ है। दुर्घटना के चलते ट्रैक पर रेल सेवा बाधित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, अनाकापल्ली से विशाखापत्तनम जा रही एक मालगाड़ी अनाकापल्ली के नजदीक ही एक गार्डर से टकरा गई। ओवरलोडिंग होने की वजह से यह हादसा हुआ।

### अमेरिकी के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर सकारात्मक बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय समझौते पर बातचीत कर रही है। इसके साथ ही, अमेरिका द्वारा स्टील व एल्युमीनियम पर बढ़ाई गई टैरिफ दरों का भारतीय उद्योग पर पड़ने वाले असर का भी आंकलन किया जा रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि सरकार अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और अवसरों की पहचान करने के लिए हितधारकों के साथ लगातार बातचीत कर रही है।



# पड़ोसी देशों से बहुत कम है भारत में रेल किराया

**▶▶ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा दी जानकारी**

एजेंसी । नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार (17 मार्च) को राज्यसभा में बताया कि भारतीय रेल का यात्री किराया न सिर्फ पड़ोसी देशों की तुलना में, बल्कि पश्चिमी देशों की तुलना में भी काफी कम है। रेल मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि भारत में रेल यात्री किराया पड़ोसी देशों की तुलना में काफी कम है। उन्होंने इस क्रम में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के रेल किराए का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में रेल किराया तो भारत की अपेक्षा 10-15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि रेलवे अपने यात्रियों को कम से कम किराया के साथ सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रा ने कहा कि विद्युतीकरण से रेल को काफी फायदा हुआ है और यात्रियों की संख्या एवं कार्गो की मात्रा में वृद्धि होने के बाद भी ऊर्जा खर्च स्थिर है।

### ‘भारत रेल सामग्री और कोच का निर्यात कर रहा है’

इसके साथ ही रेल मंत्री ने सदन में बताया कि आज हमारे देश से ऑस्ट्रेलिया को रेलवे कोचेज एक्सपोर्ट होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत रेल सामग्री और कोच का निर्यात कर रहा है। इस समय जो निर्यात हो रहा है, उसमें ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच, यूके, सऊदी अरब, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया को बोगी, फ्रांस, मेक्सिको, रोमानिया, स्पेन, जर्मनी, इटली को प्रोपल्शन, मोजाम्बिक, बांग्लादेश, श्रीलंका को यात्री कोच और मोजाम्बिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश को लोकोमोटिव निर्यात किया जा रहा है।

### ’10 साल में रेलवे ने 5 लाख नौकरियां दीं’

इस दौरान मंत्री ने रेलवे में दी गई नौकरियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में रेलवे ने 5 लाख नौकरियां दी हैं, जबकि यूपीए सरकार के 10 सालों में 4 लाख दी गयी थीं। वहीं उन्होंने कुंभ के दौरान हुए रेल हादसे को लेकर कहा कि ओवरऑल कुंभ में सब ठीक रहा, एक घटना हुई थी जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रही। मंत्री ने बताया कि उस घटना की जांच हाई पावर कमेटी कर रही है, मामले में 200 से ज़्यादा लोगों से पूछताछ हुई है।

### बिहार से लोकोमोटिव्स का होगा निर्यात

इसके साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये भी बताया कि आने वाले समय में, मार्होरा से लोकोमोटिव्स का निर्यात शुरू होगा, जहां 100 से ज्यादा लोकोमोटिव्स निर्यात किए जाएंगे। दुनिया भर में ‘बिहार में बना’ लोकोमोटिव देख सकेंगे।

### वर्षा गायकवाड़ ने रेल मंत्री पर निशाना साधा



लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है। वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है।

# कैग के चयन पैनल में सीजेआई को शामिल करने के आदेश

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कैग के चयन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (कैग) को शामिल करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। इसी मामले पर पहले से दाखिल एक याचिका के साथ इस याचिका को भी जोड़ा गया। एनजीओ सेंट्रल फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन की तरफ से दाखिल इस याचिका में कैग की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश द्वारा करने की मौजूदा व्यवस्था का विरोध किया गया है। याचिका में कैग की नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र पैनल के गठन की मांग की गई है। इस पैनल मे प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किए जाने की मांग की गई है।



**▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस**

### कैसे होती है कैग की नियुक्ति?

याचिका में वर्तमान व्यवस्था की आलोचना की गई है, जिसमें कैग की नियुक्ति केवल प्रधानमंत्री की सिफारिश पर की जाती है। याचिका में दावा किया गया है कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी को जन्म देती है और इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष पैनल द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। याचिका में कैग के चयन के लिए एक स्वतंत्र पैनल के गठन की मांग की गई है, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए। इस पैनल के गठन से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### केंद्र सरकार से जवाब तलब

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर पहले से दाखिल एक याचिका के साथ इस याचिका को जोड़ते हुए केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। इससे पहले, कैग की नियुक्ति के लिए सरकार ने कोई पैनल या चयन समिति गठित करने की बजाय, प्रधानमंत्री की सिफारिश पर ही इसे सौंपने की व्यवस्था बनाई हुई थी। यह व्यवस्था विपक्ष और अन्य राजनीतिक दलों द्वारा भी कई बार सवालों के घेरे में रही है। इसे सरकार के पक्ष में पक्षपाती करार दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट का कदम एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और प्रशासनिक सुधार की दिशा में देखा जा रहा है।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन




प्रदर्शन में AIMIM, TMC और कांग्रेस लीडर भी शामिल

एजेंसी । नई दिल्ली

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) के प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस बिल को धार्मिक आजादी में हस्तक्षेप करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। AIMPLB नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बिल वापस नहीं लिया गया तो CAA-NRC की तर्ज पर देशभर में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

### भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने इस प्रदर्शन को संसद की संवैधानिक शक्ति को चुनौती देने वाला बताया और स्पष्ट किया कि संख्या बल के आधार पर इसे प्रभावित करने की कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी।

### इस सत्र में लाया जा सकता है वक्फ बिल

वक्फ बिल को मौजूदा बजट सत्र में लाया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 का मकसद डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, बेहतर पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे वाली संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी सिस्टम में सुधारों को लाकर इन चुनौतियों को हल करना है।

# तेलंगाना में ओबीसी को मिलेगा 42% आरक्षण

**सीएम रेवंत रेड्डी का बड़ा ऐलान**

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने ओबीसी समुदाय के लिए शिक्षा, नौकरी और राजनीति में 42% आरक्षण लागू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आबादी 56.36% है, इसलिए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। रेवंत रेड्डी ने एक्स (Twitter) पर लिखा कि तेलंगाना में पिछड़े वर्गों की आबादी 56.36% है। इसे देखते हुए शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में 42% आरक्षण तय करने का संकल्प लिया गया है। यह सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सत्ता में आते ही 4 फरवरी 2024 को तेलंगाना सरकार ने ओबीसी जाति जनगणना शुरू की। पिछली सरकार ने 37% आरक्षण का प्रस्ताव भेजा था, जिसे रद्द कर 42% आरक्षण का नया प्रस्ताव तैयार किया गया है। रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव से पहले 42% ओबीसी आरक्षण का वादा किया था। अब सरकार इसे कानूनी रूप से लागू करने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने और आवश्यक कानूनी कदम उठाने के लिए तैयार है।



मुस्लिम ठेकेदारों को चार फीसदी आरक्षण पर सियासत

# सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : भाजपा

एजेंसी । नई दिल्ली

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय के लिए 4% आरक्षण देने के फैसले का भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने कड़ा विरोध किया है। बीजेपी ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि अगर सरकार इसे वापस नहीं लेती तो इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।



### क्या है सरकार का प्रस्ताव?

कर्नाटक कैबिनेट ने हाल ही में कर्नाटक पारदर्शिता सार्वजनिक खरीद अधिनियम (KTPP) में संशोधन को मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 2 करोड़ रुपये तक के सरकारी निर्माण कार्यों और 1 करोड़ रुपये तक के माल और सेवा ठेकों में 4% आरक्षण मुस्लिम ठेकेदारों के लिए रखा गया है।

### क्या कहती है कांग्रेस सरकार?

कांग्रेस सरकार का कहना है कि यह फैसला सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को अवसर देने के लिए लिया गया है। लेकिन बीजेपी इसे ₹धार्मिक आधार पर भेदभाव₹ बता रही है और इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन खड़ा करने की तैयारी कर रही है।

### बीजेपी का विरोध और कोर्ट जाने की चेतावनी


भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस फैसले को कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सरकार यह कदम कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी के निर्देश पर उठा रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला असंवैधानिक और गैरकानूनी है। भाजपा विधानसभा में और सड़क पर इसका पुरजोर विरोध करेगी। यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती, तो हम इसे कोर्ट में चुनौती देंगे।

**कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या केस**

# सुप्रीम कोर्ट ने परिवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की दी अनुमति

एजेंसी । कोलकाता

आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़िता के माता-पिता को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दी है। परिवार का कहना है कि CBI ने सही से जांच नहीं की और मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने हाईकोर्ट में 54 सवालों के जवाब मांगे हैं, जिससे उनकी बेटी को न्याय मिल सके। उनका आरोप है कि इस अपराध में कई लोग शामिल थे और सबूतों से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया था, लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक नहीं दी गई है।



### CBI जांच से असंतुष्ट परिवार

- 20 जनवरी को सेशंस कोर्ट ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि, कोर्ट ने इसे ₹रेयरेस्ट ऑफ रेयर₹ मामला मानने से इनकार कर दिया, जिसके कारण फांसी की सजा नहीं दी गई। परिवार CBI जांच से संतुष्ट नहीं है और नए सिरे से जांच की मांग कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट करुणा नंदी ने दलीलें पेश कीं, जबकि CBI की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स के वकील को यह भी चेतावनी दी कि वे हलफनामे में दिए गए बयानों को लेकर सतर्क रहें, क्योंकि संजय रॉय को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है।

**वडोदरा हिट एंड रन केस**

# आरोपी रक्षित का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

एजेंसी । वडोदरा

3 मार्च की रात करेलीबाग इलाके में हुए हिट एंड रन केस से कुछ समय पहले का सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया। इसमें मुख्य आरोपी रक्षित के हाथ में बोतल नजर आ रही है। वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी से एक घर पहुंचा था। फुटेज से साफ हुआ कि रक्षित ने जिद करके ड्राइविंग सीट ली थी, जबकि शुरू में वह ड्राइवर नहीं था।

रात करीब 10:30 बजे रक्षित और उसका दोस्त सुरेश स्कूटी से घर पहुंचे। रक्षित के हाथ में एक बोतल थी, लेकिन उसमें क्या था, यह साफ नहीं।

11:15 बजे प्रांशु काली सेडान कार लेकर पहुंचा और पार्क कर दी।

सीसीटीवी में दिखा कि पहले प्रांशु ड्राइविंग सीट पर था, लेकिन फिर रक्षित ने सीट बदलने की जिद की। कुछ देर बाद तेज रफ्तार कार ने तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और 7 लोग घायल हुए।

**▪ हादसे से पहले ड्राइविंग सीट के लिए की थी जिद**



### पूर्व केंद्रीय मंत्री देबेंद्र प्रधान का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता देबेंद्र प्रधान का सोमवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। उनके पुत्र धर्मेन्द्र प्रधान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा केंद्र सरकार में शिक्षा मंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के पूर्व अध्यक्ष देबेंद्र प्रधान ने नयी दिल्ली में अंतिम सांस ली। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि देबेंद्र प्रधान एक लोकप्रिय जननेता और योग्य सांसद थे।



# बीजापुर में 19 नक्सलियों का सरेंडर



**9 पर था कुल 28 लाख का इनाम**

एजेंसी । बीजापुर


छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 19 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। 19 में से 9 नक्सलियों पर कुल मिलाकर 28 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा से मोहभंग होने,वरिष्ठ कैडरों द्वारा निर्दोष आदिवासियों के शोषण और प्रतिबंधित संगठन के भीतर बढ़ते मतभेदों के कारण आत्मसमर्पण किया है। यह जानकारी बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने दी। उन्होंने यह भी कहा कि वे सुरक्षा बलों के बढ़ते प्रभाव से प्रभावित थे,जिसमें शिविरों की स्थापना और 'नियानेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना शामिल है।

इस योजना के तहत अधिकारी अंदरूनी इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और विकास कार्य करने के प्रयास कर रहे हैं। यादव ने बताया कि सभी आत्मसमर्पित नक्सली माओवादियों के आंध्र ओडिशा बॉर्डर (AOB) डिवीजन और पामेड एरिया कमेटी में विभिन्न क्षमताओं में सक्रिय थे।

### कौन-कौन हैं आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली?

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से देवा पदम (30) और उनकी पत्नी दूले कालमू (28) माओवादियों की बटालियन नंबर 1 में वरिष्ठ सदस्यों के रूप में सक्रिय थे और उन पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि एरिया कमेटी के सदस्य सुरेश कट्टम (21) पर 5 लाख रुपये का इनाम था,जबकि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से एक पर 2 लाख रुपये का इनाम था और पांच अन्य पर 1-1 लाख रुपये का इनाम था।

### संसदीय समिति ने कम बजट पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्रालय (एमईए) के लिए मौजूदा बजट आवंट 'भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताओं और अंतरराष्ट्रीय स्थिति' के अनुरूप नहीं हैं। संसदीय समिति ने कहा कि इस बजट बढ़ाने की जरूरत है, ताकि भारत अपने कूटनीतिक और विकास उद्देश्यों को प्रभावी तरीके पूरा कर सके और अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव को मजबूत कर सके। समिति ने कहा, 2025-26 के लिए बजट अनुमान (बीई) के अनुमान के मुताबिक विदेश मंत्रालय के लिए 20,516.61 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो 2024-25 के बजट अनुमान से 7.39 फीसदी कम और 2024-25 के संशोधित अनुमन से 18.83 फीसदी कम है।

# चंद्रयान- 5 मिशन को केंद्र से मिली मंजूरी

**इस बार 250 किलो का रोवर लेकर जाएगा चंद्रयान**

एजेंसी । चेन्नई

केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने एक कार्यक्रम में बताया कि इस मिशन में 250 किलोग्राम वजन का रोवर चंद्रमा की सतह पर भेजा जाएगा। यह मिशन जापान के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

### चंद्रयान-4 मिशन 2027 में होगा लॉन्च

**इसरो प्रमुख के अनुसार, चंद्रयान-4 को वर्ष 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह से विभिन्न नमूने एकत्र करना होगा।**

### चंद्रयान मिशन का सफर

- चंद्रयान-2 (2019): 98% सफल रहा, इसका कैमरा अभी भी चांद की तस्वीरें भेज रहा है।
- चंद्रयान-3 (2023): सफलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा, जिसमें 25 किलोग्राम का प्रज्ञान रोवर था।
- चंद्रयान-4 (2027): चंद्रमा से नमूने एकत्र करने के उद्देश्य से लॉन्च किया जाएगा।
- चंद्रयान-5: केंद्र सरकार से मंजूरी मिली, जापान के सहयोग से होगा प्रक्षेपण।




### सितंबर, 2024 में मिली थी चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी

- कैबिनेट ने पिछले साल सितंबर में चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दी थी। इस मिशन का उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा पर उतारना, चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के सैंपल इकट्ठा करना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इस मिशन पर 2104 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस स्पेसक्राफ्ट में पांच अलग-अलग मॉड्यूल होंगे। जबकि, 2023 में चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 में प्रपल्शन मॉड्यूल (इंजन), लैंडर और रोवर तीन मॉड्यूल थे। चंद्रयान-4 के स्टैक 1 में लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए एसेंडर मॉड्यूल और सतह पर लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए डिसेंडर मॉड्यूल होगा। स्टैक 2 में थ्रस्ट के लिए एक प्रपल्शन मॉड्यूल, सैंपल होल्ड के लिए ट्रांसफर मॉड्यूल और सैंपल को पृथ्वी पर लाने के लिए री-एंट्री मॉड्यूल शामिल रहेगा। मिशन में दो अलग-अलग रॉकेट का इस्तेमाल होगा।